दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 259

ग्वालियर, बुधवार 08 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

बंगाल को विभाजित नहीं होने दूंगी, जरुरत पड़ने पर अपना खून बहा दूंगी : ममता

अलीपुरद्वार। भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा पश्चिम बंगाल से अलग राज्य बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य को विभाजित करने की कोशिशों को विफल करने के वास्ते जरूरत पड़ने पर वह अपना खून तक बहाने के लिए भी तैयार हैं। बनर्जी ने भाजपा पर 2024 के आम चुनाव से पहले राज्य में

'अलगाववाद' को बढ़ावा देने की कोशिश करने का आरोप लगाकर कहा कि उत्तर बंगाल में सभी समुदाय के लोग दशकों से एक-दूसरे के साथ मिलकर रह रहे हैं, लेकिन भाजपा लोगों को बांटने की कोशिश कर रही है। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता ने पार्टी की बैठक को संबोधित कर कहा, 'लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ ही भाजपा अलग राज्य की मांग कर रही है। भाजपा कभी गोरखालैंड की मांग कर रही है, तब कभी अलग उत्तर बंगाल की मांग कर रही है। मैं जरूरत पड़ने पर अपना खून तक बहाने के लिए तैयार हूं, लेकिन राज्य को कभी विभाजित नहीं होने दूंगी। कामतापुर लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन के नेता जीवन सिंघा के कथित वीडियो के संदर्भ में, जिसमें कामतापुर की मांग नहीं मानने पर मुख्यमंत्री को 'रक्तपात' की धमकी दी गई है, बनर्जी ने कहा कि वह इस तरह की धमकियों से नहीं डरती हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग मुझे धमकी दे रहे हैं, मुझे इसकी परवाह नहीं है। मैं इस तरह की धमकियों से नहीं डरती। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग पहाड़ी और मैदान के बीच दरारें पैदा करना चाहते हैं।

मूसेवाला के पिता से मिले राहुल गांधी बोले पंजाब में अमन शांति बनाए रखना आप के बस की बात नहीं

पटियाला।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के परिजनों से मुलाकात कर राज्य की आप सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने मूसेवाला के परिवार से मंगलवार को उनके पैतृक गांव में मुलाकात की। राहुल गांधी ने कहा कि मारे गए रैपर के माता-पिता जिस दुख से गुजर रहे हैं, उसका वर्णन करना मुश्किल है, लेकिन यह सुनिश्चित करना कि उन्हें न्याय मिले यह पार्टी की जिम्मेदारी है। मूसेवाला पंजाब में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे और उन्हें मानसा जिले से मैदान में उतारा गया था जहां वे आप के उम्मीदवार से चुनाव हार गए थे। राहुल गांधी ने पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य की आम आदमी पार्टी (आप)

सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में शांति बनाए रखना उसके बस की बात नहीं। कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि मंगलवार सुबह चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर उतरने के बाद राहुल सीधे पंजाब के मानसा जिले स्थित मूसेवाला के पैतृक गांव मूसा पहुंचे और उनके परिवार के साथ लगभग 50 मिनट बिताए। उन्होंने मूसेवाला को पुष्पांजलि भी अर्पित की। परिजनों से मिलने के बाद राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा, ÷कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला जी के माता-पिता जिस दुःख से गुज़र रहे हैं उसे बयान करना मुश्किल है। इन्हें इंसाफ दिलाना हमारा फ़र्ज़ है, और हम दिला कर रहेंगे। राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह से भंग हो चुकी है। पंजाब में अमन और शांति बनाये रखना आप सरकार के बस की बात नहीं है। पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा और पूर्व उप मुख्यमंत्री ओपी सोनी सहित कई अन्य कांग्रेस नेता भी राहुल के साथ मूसेवाला के गांव पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, राहुल के दौरे के मद्देनजर मूसेवाला के घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। मूसेवाला की 29 मई को मानसा में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जब यह वारदात हुई थी, तब राहुल विदेश में थे और वह पिछले सप्ताह स्वदेश लौटे हैं। विभिन्न पार्टियों के नेता और प्रमुख हस्तियां मूसेवाला के परिजनों से मिलने और उनके प्रति संवेदना जताने के लिए मूसा गांव का दौरा कर रही हैं। राहुल के पहुंचने से कुछ देर पहले पटियाला से कांग्रेस सांसद परनीत कौर ने भी दिवंगत गायक के घर का दौरा किया और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। परनीत कौर को पिछले साल उनकी कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। हालांकि, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के आने से पहले ही वह मूसेवाला के घर से चली गईं। परनीत कौर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मूसेवाला के माता-पिता से मुलाकात कर चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री मान को पत्र लिखकर ÷मूसेवाला हत्याकांड की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को स्थानांतरित करने का आग्रह किया है, ताकि उनके परिवार को जल्द से जल्द इंसाफ मिल सके।

बुलडोजर चला तो फिर कफन बांध निकलेंगे कानपुर के काजी ने दिया विवादित बयान

कानपुर। कानपुर में हिंसा के बाद पुलिस का ऐक्शन जारी है और अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बीच शहर के काजी हाजी अब्दुल कुद्दूस ने विवादित बयान देते हुए पुलिस

पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया है। कुद्दूस ने कहा कि पुलिस इस मामले में एकतरफा ऐक्शन ले रही है। यही नहीं उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह से ऐक्शन हुआ और बुलडोजर चलाने जैसा ऐक्शन हुआ तो लोग कफन बांध मैदान में आएंगे। अब तक जिन लोगों को गिरफ्तार किया गयाहै, उनमें 90 से 95 फीसदी तक मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में केवल मुसलमानों की ही गलती नहीं है। इन लोगों की सिर्फ यही गलती थी कि जुलूस निकाला था और बाजार बंद करवाया। मुस्लिम धर्मगुरु ने कहा कि जुलूस के दौरान उनके ऊपर पत्थर फेंके गए थे। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों पर पत्थर फेंके जाने का वीडियो भी मौजूद है। काजी हाजी ने कहा कि अगर बुलडोजर चलाने जैसी कार्रवाई की गई तो लोग कफन बांध कर मैदान में आएंगे। उन्होंने कहा कि अगर यही होना है तो हम मरने के लिए निकल पड़ेंगे। इस बीच यूपी के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि पुलिस इस बारे में जल्दी ही नया पोस्टर जारी करेगी। इसमें कुछ और आरोपियों की तस्वीरें होंगी। उन्होंने कहा कि जो लोग इस मामले में दोषी थे, उन पर ही कार्रवाई होगी। पुलिस के ऊपर पथराव करने वाले लोगों पर ऐक्शन लिया जाएगा। किसी भी निर्दोष पर ऐक्शन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इन लोगों के ऊपर गैंग्सटर ऐक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सार्वजनिक संपत्ति को जो नुकसान पहुंचा है, उसकी भरपाई भी उपद्रवियों से की जाएगी।

सोने के 133 सिक्के और 2.82 करोड़ कैश सत्येंद्र जैन के करीबी के घर मिला खजाना

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के करीबी के घर से भारी मात्रा में कैश और सोना बरामद हुआ है। सत्येंद्र जैन फिलहाल ईडी की हिरासत में हैं। बताया जा रहा है कि ईडी को सत्येंद्र जैन के एक बेहद करीबी के घर से 2.82 करोड़ रुपये का कैश मिले हैं। इसके साथ ही एक किलो से ज्यादा सोना भी मिला है, जिसमें 133 सोने के सिक्के शामिल हैं। बता दें कि, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ कथित हवाला सौदे से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत उनके घर और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की थी। 57 वर्षीय जैन को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत 30 मई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्हें नौ जून तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया था। बता दें कि, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ कथित हवाला सौदे से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत उनके घर और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की थी।

दुल्हन के घर से केवल 8 किमी पहले ट्रक से भिड़ी बारातियों से भरी बोलेरो, 8 लोगों की मौत

बाड़मेर। भारत-पाकिस्तान की सरहद पर स्थित बाड़मेर जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां सोमवार आधी रात को तेज रफ्तार ट्रक और बारात लेकर जा रही बोलेरो में भिड़ंत हो गई। हादसे में बोलेरो सवार 8 बारातियों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही शादी के घर में कोहराम मच गया।

हादसे में मारे गये लोगों में से 6 के शवों को गुड़ामालानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाए गये हैं वहीं 2 शव सांचौर अस्पताल की मोर्चरी में रखे हैं। आज शवों का पोस्टमार्टम कर उनको परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस के अनुसार सोमवार रात को जालोर से एक बारात गुड़ामालानी थाना इलाके के काधी की ढाणी आ रही थी। बोलेरो में कुल 9 लोग सवार थे। इसी दौरान रात करीब 1 बजे मेगा हाइवे पर बोलेरो की एक ट्रक से भीषण भिड़ंत हो गई। इससे बोलेरो में सवार बारातियों में से 6 की मौके पर ही दर्दनाक मौके मौत हो गई। सूचना पर गुड़ामालानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों तथा मृतकों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। वहां 2 और बारातियों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि एक महिला अभी मौत से जंग लड़ रही है। हादसे में बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है और ट्रक भी सड़क किनारे पलट गया। ट्रक से हुई इस भीषण ट्क्कर के बाद बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। बारात में शामिल लोग काधी की ढाणी से 8 किलोमीटर ही दूर थे कि यह हादसा हो गया। सभी मृतक जालोर के सांचौर इलाके के सेडिया के रहने वाले थे। हादसे का शिकार हुए सभी लोग एक ही परिवार के हैं। हादसे की सूचना के बाद दूल्हा और दुल्हन दोनों के घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। हादसे में पूनमाराम, प्रकाश, मनीष, प्रिंस, भागीरथराम, मांगीलाल, प्रकाश और एक अन्य की मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। हादसे का कारण क्या रहा इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। हादसे की सूचना के बाद बारातियों के परिजन गुड़ामालानी पहुंच गए हैं।

खास खबर

हिजाब में क्लास अटेंड करना चाहती थीं 24 छात्राएं, कॉलेज ने लगाया प्रतिबंध

दक्षिण कन्नड़। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के कॉलेज में पढ़ने वाली चौबीस छात्राओं को हिजाब पहनने के कारण कक्षाओं में जाने से सात दिनों की अवधि के लिए प्रतिबंधित किया गया है। पुत्तूर तालुक में उप्पिनंगडी डिग्री कॉलेज के अधिकारियों की छात्राओं द्वारा हिजाब उतारने के बिना कक्षाओं में भाग लेने से इनकार करने के बाद यह निर्णय लिया। मंगलवार की घटना उस समय में आई है जब कर्नाटक सरकार ने स्कूलों और कॉलेजों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसमें कक्षाओं में हिजाब पहनने के लिए कोई जगह दिए बिना छात्राओं के लिए वर्दी अनिवार्य कर दी गई है। हालांकि अधिकांश छात्र कक्षाओं में जाना पसंद कर रहे हैं, लेकिन एक वर्ग ने उन्हें हिजाब पहनकर कक्षाओं में जाने की अनुमति देने पर जोर दिया है। अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित कई छात्रों ने अन्य कॉलेजों में शामिल होने के लिए शिक्षण संस्थानों से स्थानांतरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया है जहां हिजाब की अनुमति है। कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों को यह भी बताया है कि जो लोग हिजाब पहनकर क्लास अटेंड करना चाहते हैं, वे ट्रांसफर सर्टिफिकेट ले सकते हैं। उडुपी प्री-यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज की छह छात्राओं के विरोध के रूप में शुरू हुआ।

अभिनेता सलमान खान को मिली धमकी मामले में मुंबई पुलिस ने दर्ज किया सलमान और उनके बॉडी गार्ड का बयान

मुंबई। अभिनेता सलमान खान और उनके पिता सलीम खान को मिले धमकी पत्र को लेकर मुंबई पुलिस ने सलमान, सलीम खान और बॉडी गार्ड के अलावा और भी कई लोगो के बयान दर्ज किये हैं. पुलिस लोरेंस बिश्नोई के एंगल से जांच आगे बढ़ा रही है. जल्द ही दिल्ली स्पेशल सेल से भी बात करेगी. दरअसल इन मामले में कल ही दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ की थी. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान मूसेवाला मर्डर केस के बाद हाइलाइट हुए गैंगस्ट लॉरेंस बिश्नोई ने पुलिस से कहा है कि उसे इस पत्र के बारे में कोई जानकारी नहीं है और ना ही उसका कोई हाथ है. उसने कहा कि उसे नहीं पता कि ये धमकी किसने दी है. सूत्रों के मुताबिक बॉलीवुड के दो सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान के घर के बाहर रोज बहुत पत्र मिलते है, जिसमें कई लोग फिल्म में रोल मांगने और अपनी निजी बाते लिखते हैं. ये धमकी भरा पत्र किसी ने मज़ाक में तो नहीं लिखा है इस एंगल पर भी पुलिस काम कर रही है. मामले की जांच करते हुए पुलिस उस इलाके के सीसीटीवी फूटेज को खंगाल रही है. पुलिस ने बताया कि वह इस मामले को काफी गंभीरता से ले रही है और संदिग्धों को तलाश कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार धमकी भरा पत्र बांद्रा में साफ सफाई का काम करने वाला एक कर्मचारी ने सलीम खान के निज़ी सुरक्षाकर्मी को दिया था।

हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकी तालिब हुसैन बेंगलुरु से गिरफ्तार

बेंगलुरु। जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक पुलिस और भारतीय सेना की 17 राष्ट्रीय राइफल्स की टीम ने हिजबुल मुजाहिदीन के एक आतंकवादी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 5 जून को हुई थी। तालिब हुसैन नाम के आतंकी के कश्मीर घाटी में प्रवासियों और हिंदुओं की टारगेटेड किलिंग में संलिप्त होने की आशंका है। सूत्रों के मुताबिक तालिब हुसैन अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जम्मू-कश्मीर से भाग गया था।

मोदी सरकार के कार्यकाल में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या में 70 प्रतिशत की कमी : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या में 70 प्रतिशत की कमी आई हैं। राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करने के बाद शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर के 66 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (आफस्पा) हटा लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर और देश के वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र जनजातीय बहुल हैं और वहां विकास के लिए सुरक्षा सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा, ''सुरक्षित पूर्वोत्तर और सुरक्षित मध्य भारत जनजातीय समुदाय के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस जब शासन में थी तब आठ साल में पूर्वोत्तर के राज्यों में 8,700 अप्रिय घटनाएं हुई थीं जबकि मोदी सरकार में यह घटकर 1,700 रह गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में 304 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी जबकि मोदी

सरकार में यह संख्या सिर्फ 87 रही। शाह ने कहा कि देश में योजना आयोग, जो अब नीति आयोग हो गया है, भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने देश की प्रगति में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ठीक इस तरह से राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान देश के जनजातीय समुदाय के विकास में प्रमुख भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह संस्थान देश की आजादी के 100 वर्षों तक के सफर में जनजातीय विकास की रीढ़ की हड्डी साबित होगी। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय शोध और शिक्षा को शीर्ष प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2014 में कांग्रेस के राज में इस उद्देश्य के लिए सात करोड़ रखे गए थे। वर्ष 2022 में हमने 150 करोड़ रुपये रखे। शाह ने कहा कि मोदी सरकार में एकलव्य आवासीय विद्यालयों का बजट इस वित्तीय वर्ष में 278 करोड़ से बढ़ाकर 1,418 करोड़ रुपये कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनका मानता है कि जनजातीय बच्चे ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ पदक ला सकते हैं, क्योंकि खेल जनजातीय परंपरा का हिस्सा है और इसतरह के बच्चों को मार्गदर्शन, कोचिंग, अभ्यास और एक मंच की जरूरत है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें।

पैगंबर मोहम्मद पर नुपूर शर्मा के बयान से 14 इस्लामिक देशों ने दर्ज कराया विरोध, देश में भी नाराजगी

नई दिल्ली।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रवक्ता नुपूर शर्मा की इस्लाम के प्रवर्तक पैगंबर मोहम्मद पर कथित टिप्पणी को लेकर कई देश विरोध जता चुके हैं। खबर है कि अब तक कम से कम 15 देश भारत के खिलाफ आधिकारिक रूप से विरोध दर्ज करा चुके हैं। हालांकि, भारत ने यह साफ कर दिया है कि शर्मा का बयान सरकार के मत को नहीं दर्शाता है। इधर, भाजपा ने प्रवक्ता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पार्टी से निलंबित कर दिया है। भारत के खिलाफ विरोध दर्ज करा चुके देशों में ईरान, इराक, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, अफगानिस्तान, बहरीन, मालदीव्स, लीबिया, इंडोनेशिया और पाकिस्तान का नाम शामिल है। इसके

अलावा भारत में भी लगातार भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ विपक्षी दल नाराजगी जता रहे हैं। शर्मा को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है।

भारत ने सोमवार को इस्लामिक देशों के संगठन (आईओसी) की टिप्पणियों को संकीर्ण सोच वाला, प्रेरित, भ्रमित एवं शरारतपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया। नई दिल्ली ने इस मामले में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एवं विदेश मंत्रालय के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों का लगातार उल्लंघन करने वाले एक देश की, किसी दूसरे देश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर टिप्पणी किसी के गले नहीं उतर रही है। इस्लामिक देशों के संगठन (ओआईसी) के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत सभी धर्मों के प्रति सर्वोच्च सम्मान का भाव रखता है और 57 सदस्यीय समूह का बयान निहित स्वार्थी तत्वों की शह पर उसके विभाजनकारी एजेंडे को उजागर करता है। उन्होंने कहा, हम ओआईसी सचिवालय से आग्रह करते हैं कि वह सांप्रदायिक रुख को आगे बढ़ाना बंद करे और सभी धर्मों एवं आस्थाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करे।

कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या का लिया बदला दो मुठभेड़ों में 3 आतंकी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा और सोपोर में अलग-अलग दो एनकाउंटरों में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। एक आतंकवादी सोपोर में मुठभेड़ के दौरान ढेर हुआ है। हंजाला नाम के इस आतंकी के पास से एके-47 रायफल और 5 मैगजीन बरामद की गई हैं। लाहौर के रहने वाले हंजाला को ढेर करना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी कामयाबी है। इसके साथ ही कुपवाड़ा में आज सुबह ही शुरू हुई मुठभेड़ में दो आतंकियों को सुरक्षा बलों

ने मार गिराया है। इनमें से भी एक आतंकी पाकिस्तान का रहने वाला है। वह पाकिस्तान का रहने वाला है। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि लश्कर से जुड़े दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। इनमें से एक आतंकी तुफैल पाकिस्तान का रहने वाला है। फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में बीते कुछ वक्त में टारगेट किलिंग्स बढ़ गई हैं। स्थानीय हिंदुओं और प्रवासी मजदूरों को आतंकवादी चुन-चुन कर निशाना बना रहे हैं। इसी साल अब तक 17 लोगों को आतंकवादी कत्ल कर चुके हैं। पिछले सप्ताह ही राजस्थान के रहने वाले बैंक मैनेजर विजय कुमार की हत्या कर दी गई थी।

वन-टू-वन

दिल्ली में कल होने वाले पहले टी20 मैच को लेकर लोगों में भारी उत्साह, अधिकांश टिकट बिके

नई दिल्ली। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुरुवार को यहां होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के 94 प्रतिशत टिकट बिक चुके हैं। अरुण जेटली स्टेडियम की क्षमता 35 हजार दर्शकों की है। दिल्ली में नवंबर 2019 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच का आयोजन हो रहा है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के संयुक्त सचिव राजन मनचंदा ने बताया कि 94 फीसदी टिकट बिक चुके हैं। अब करीब 400-500 टिकट ही बचे हैं। लगभग 27,000 टिकट बिक्री के लिए रखे गए थे। मनचंदा ने कहा वरिष्ठ नागरिक स्टेडियम में प्रवेश करने के लिए गोल्फ कार्ट का उपयोग कर सकते हैं। कोविड-19 की स्थिति हालांकि नियंत्रण में है, लेकिन डीडीसीए ने दर्शकों से खाने-पीने के अलावा हर समय मास्क पहनने का अनुरोध किया है। मनचंदा ने कहा हमारे कर्मचारियों का नियमित रूप से परीक्षण किया जा रहा है। हम दर्शकों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने और हर समय मास्क पहनने का अनुरोध करते हैं।

नॉर्वे शतरंज में विश्व चैम्पियन कार्लसन को हराकर आनंद ने फिर कायम की एकल बढ़त

स्टावंगर। नॉर्वे शतरंज के 10वे संस्करण में भारत के 5 बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने पांचवें राउंड में विश्व चैम्पियन और मेजबान नॉर्वे के मेगनस कार्लसन की चुनौती को पार करते हुए एक बार फिर एकल बढ़त हासिल कर ली। कार्लसन के खिलाफ लंबे समय बाद क्लासिकल मुक़ाबला खेल रहे आनंद नें सफ़ेद मोहरो से इटेलिअन ओपनिंग में एक बेतरीन बाजी खेलते हुए जीत के करीब पहुंच गए थे, पर कार्लसन किसी तरह वापसी करने में कामयाब रहे और 40 चालों में बाजी ड्रॉ करा लिया। इसके बाद नॉर्वे शतरंज के खास नियमानुसार दोनों के बीच टाईब्रेक का मुक़ाबला खेला गया, जिसमें आनंद न एक बार फिर सफेद मोहरो से इटेलिअन खेला और इस बाद आनंद 50 चालों में जीत दर्ज करने में सफल रहे और इस तरह आनंद को 1.5 तो कार्लसन को 1 अंक हासिल हुआ। पांचवें राउंड में नीदरलैंड के अनीश गिरि में अजरबैजान के तैमूर रद्जाबोव को तो नॉर्वे के आर्यन तारी में चीन के वांग हाउ को हराकर पूरे 3 अंक हासिल किए जबकि फ्रांस के मकसीम वारचेर लागरेव नें बुल्गारिया के वेसेलीन टोपालोव को तो अजरबैजान के शाकिरयार ममेद्यारोव ने यूएसए के वेसली सो को टाईब्रेक में हराकर 1.5 अंक हासिल लिए। 5 राउंड के बाद आनंद अभी 10 अंक बनाकर पहले, कार्लसन 9.5 अंक बनाकर दूसरे तो वेसली सो 8.5 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर चल रहे हैं।

शेयर बाजार की कमजोर शुरुआत

मुंबई। विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते प्रमुख शेयर सूचकांकों में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 559.46 अंक गिरकर 55,115.86 पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर व्यापक एनएसई निफ्टी 161.05 अंक गिरकर 16,408.50 पर आ गया। बुधवार को आने वाली आरबीआई की नीति समीक्षा से पहले भी निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। सेंसेक्स में टाइटन, डॉ रेड्डीज, एचयूएल, एशियन पेंट्स, नेस्ले, सन फार्मा, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी आई। अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो और शंघाई के बाजार हरे रंग में कारोबार कर रहे थे, जबकि हांगकांग और सोल में गिरावट हुई। अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 94 अंक टूटकर बंद हुआ। इस सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और कच्चे तेल के दाम में तेजी से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 93.91 अंक की गिरावट के साथ 55,675.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 473.49 अंक तक नीचे चला गया था।

पेट्रोल और डीजल की कीमत में 16वें दिन भी कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। देश में तेल विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे लगातार 16वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल को पार चुकी हैं।इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में मंगलवार को पेट्रोल का दाम 96.72 रुपए और डीजल का दाम 89.62 रुपए प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपए और 97.28 रुपए प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने 25 मई को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपए और छह रुपए प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से क्रमशः 9.5 रुपए और सात रुपए तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड 0.59 प्रतिशत बढ़कर 120.22 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.66 प्रतिशत चढ़कर 119.28 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे टूटा

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली के भारी दबाव और विदेश में डॉलर की मजबूती के चलते अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में पांच पैसे टूटकर 77.71 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा निवेशक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी

10 हजार रनों के शिखर तक पहुंचना मांउट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने जैसा था: सुनील गावस्कर

नई दिल्ली। क्रिकेट में खिलाड़ी जब रिकार्ड बनाता है जब उसकी प्रसन्नता का अहसास उसे ही होता होगा। न्यूजीलैंड के विरुद्ध लॉर्ड्स पर खेले गए टेस्ट मैच में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने 115 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। इस दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन भी पूरे किए। वह क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में 10 हजार रन पूरे करने वाले दुनिया के 14वें बल्लेबाज हैं। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने 10 हजार रन के क्लब में सबसे पहले एंट्री की थी। 7 मार्च 1987 को 'लिटिल मास्टर' से मशहूर इस दिग्गज ने अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हुए अपने टेस्ट करियर में 10 हजार रन पूरे किए थे। सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान के स्पिनर एजाज फकीह की गेंद पर लेट कट खेलकर 10 हजारवां रन पूरा किया। रिपोर्ट के मुताबिक, गावस्कर के यह उपलब्धि हासिल करते ही स्टैंड में मौजूद सैकड़ों क्रिकेट फैंस ने मैदान पर जाकर उन्हें बधाई दी। इनमें से कुछ फैंस ने उन्हें माला भी पहनाई। सुनील गावस्कर ने 10 हजार टेस्ट रन के क्लब में पहली बार प्रवेश करने की खुशी के बारे में बात करते हुए तब कहा था, 'मुझे पता था कि मुझे 57 रन की दरकार है। मैं आमतौर पर स्कोर बोर्ड नहीं देखता। लेकिन एक बार जब आप 50 पर पहुंच जाते हैं तो आपको तालियां मिलती है। उस स्तर पर आपको एहसास होता है। अगर मैं गलत नहीं हूं तो मैंने अपने 50 रन एक सिंगल के जरिए पूरे किए। इसलिए मुझे पता था कि अब 7 रन और बनाने हैं।' गावस्कर ने आगे कहा, 'एक बार जब आप 10,000 तक पहुंच जाते हैं तो यह बिल्कुल जादुई होता है। जादुई इसलिए क्योंकि यह पहले नहीं किया गया था। 9,000 टेस्ट रन भी पहले नहीं बनाए गए और मैंने किया। लेकिन 9,000 चार अंकों की संख्या है। 10,000 पांच अंकों की संख्या है तो यह लगभग पहली बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने जैसा था। अब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट भी इस एलीट क्लब का हिस्सा बन गए हैं। रूट का मौजूद टेस्ट औसत 50 से थोड़ा नीचे है। वह टेस्ट क्रिकेट में 26 शतक लगा चुके हैं। टेस्ट में उनसे ज्यादा 33 शतक एलेस्टेयर कुक ने लगाए थे। इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाले रूट सिर्फ दूसरे क्रिकेटर हैं। उन्होंने 118 टेस्ट मैचों में 10,015 रन बनाए हैं।

आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण होगी आगामी टी20 सीरीज : सुरेश रैना

मुंबई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज भारतीय खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण होगी, खासकर उनके लिए जिन्होंने हाल में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। रैना ने कहा कि उन भारतीय खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने का यह अच्छा मौका होगा। तेज गेंदबाज उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह को आईपीएल-2022 में अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने के बाद उन्हें टीम में मौका दिया गया है। इन दोनों के अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और सीजन की चैंपियन टीम गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को टीम में वापस बुलाया है। रैना ने टीम की टी20 विश्व कप की रणनीतियों को ध्यान में रखते हुए द.अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के महत्व पर प्रकाश डाला। रैना ने कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि आपको आईपीएल में प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ी देखने को मिलेगा। वे भारत के लिए कैसा प्रदर्शन करते हैं, यह मायने रखेगा। अगर आपको भारत के लिए खेलना है, तब मानसिकता महत्वपूर्ण है। कई सीनियर खिलाड़ियों को सीरीज से आराम दिया गया है। इसके बाद केएल राहुल टीम इंडिया का नेतृत्व करने वाले हैं। सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और पेसर जसप्रीत बुमराह

एशियन कप में जगह बनाने सुनील छेत्री की अगुवाई में कंबोडिया पर फतह हासिल करने उतरेगा भारत

कोलकाता। भारतीय फुटबॉल टीम 5वीं बार एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) एशियाई कप फाइनल्स में स्थान सुरक्षित करने बुधवार को कम रैंकिंग वाले कंबोडिया के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने मैदान में उतरेगी। करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री की कप्तानी में भारत अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने की कोशिश करेगा। छेत्री इस मैच में अपना 80वां गोल करने की कोशिश करेंगे। क्रिस्टियानो रोनाल्डो (188 मैचों में 117 गोल) और लियोनल मेसी (162 मैचों में 86 गोल) दनादन गोल दागे जा रहे हैं। इन दोनों से किसी की तुलना नहीं की जा सकती है लेकिन छेत्री के पास इस टूर्नामेंट में मेसी से आगे निकलने का मौका होगा। भारतीय टीम विश्व रैंकिंग में अभी 106वें स्थान पर है जबकि कंबोडिया उससे 65 स्थान नीचे 171वें स्थान पर है। ग्रुप डी में इन दो टीम के अलावा अफगानिस्तान (150) और हांगकांग (147) शामिल हैं। ऐसे में सुनील छेत्री के पास गोल करने के मौके होंगे। छेत्री अपने करियर के अवसान पर हैं और एशियाई कप के लिए क्वालिफाई करना इस 37 वर्षीय कप्तान के लिए विशेष होगा। चीन के हटने के कारण अगला एशियाई कप 2023 के आखिर या 2024 में होगा और ऐसे में छेत्री इसे अपने शानदार करियर का 'अंतिम किला' मान सकते हैं।

छेत्री ने अपने 126वें मैच से पहले इरादे स्पष्ट करते हुए कहा, 'मैं क्वालिफाई करना चाहता हूं। अगर मैं वहां नहीं रहूंगा, तो मेरा देश होगा। या तो मैं बीयर पीते हुए उदांता को दौड़ लगाते हुए देखूंगा या आप बीयर पी रहे होंगे और मैं वहां दौड़ूंगा।' इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के क्वालिफाइंग मैचों से पहले भारत का प्रदर्शन अनुकूल नहीं रहा। उसने इससे पहले जो 3 अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेले, उन सभी में उसे हार का सामना करना पड़ा। अफगानिस्तान ग्रुप डी के पहले मैच में शाम साढ़े 4 बजे से हांगकांग से भिड़ेगा, जिसके बाद रात 8।30 बजे से भारत और कंबोडिया का मैच खेला जाएगा। यही नहीं इस बीच उसे इंडियन सुपर लीग की टीम एटीके मोहन बागान से 1-2 से हार मिली जबकि उसने आई लीग ऑल स्टार्स टीम को 2-1 से हराया लेकिन संतोष ट्रॉफी के उप विजेता बंगाल ने उसे 1-1 से ड्रा पर रोका।

भारतीय टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना आखिरी मैच 7 महीने से भी अधिक समय पहले जीता था जब उसने 16 अक्टूबर 2021 को सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में नेपाल को 3-0 से हराया था। हाल के परिणाम इगोर स्टिमक की कोचिंग वाली टीम के लिए बेहद निराशाजनक रहे। छेत्री ने अपने साथियों को आगाह कर दिया है कि अगर वे कंबोडिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो आधी जंग यहीं पर हार जाएंगे।

छेत्री ने कहा, 'हम पहला मैच उनसे खेल रहे हैं। अगर हम कंबोडिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो इसका मतलब आप अपनी आधी लड़ाई हार गए हैं। अभी तक, हम केवल कंबोडिया के बारे में सोच रहे हैं, जितना संभव हो उतने वीडियो देख रहे हैं।

पुर्तगाल ने स्विट्जरलैंड को रौंदा, क्रिस्टियानो रोनाल्डो के वर्ल्ड रिकॉर्ड गोल की संख्या 117 तक पहुंची

मुंबई।

पुर्तगाल की नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में स्विट्जरलैंड पर 4-0 की जीत के दौरान स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2 गोल दागकर अपने विश्व रिकॉर्ड गोल की संख्या को 117 तक पहुंचा दिया। पहले हाफ में 2 गोल करने के बाद रोनाल्डो (35वें और 39वें मिनट) ने हाफ टाइम से पहले गोल करने के 2 और मौके गंवाए। विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी दो टीम के बीच लिस्बन में हुए लीग एक के इस मुकाबले में हालांकि पुर्तगाल का दबदबा रहा।

पुर्तगाल के लिए रोनाल्डो के अलावा विलियम कार्वाल्हो (15वें मिनट) और जाओ कैंसेलो (68वें मिनट) ने भी गोल किए। नवंबर में अपने पांचवें विश्व कप में खेलने जा रहे 37 साल के रोनाल्डो के अब 188 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 117 गोल हो चुके हैं। लीग बी में नॉर्वे ने एर्लिंग हैलांड के दो गोल की मदद से स्वीडन को 2-1 से हराया। स्वीडन की ओर से एकमात्र गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में एंथोनी इलांगा ने दागा। 21 साल के स्ट्राइकर हैलांड के 19 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 18 गोल हो चुके हैं। लीग ए में स्पेन ने चेक गणराज्य से 2-2 से ड्रॉ खेला। युवा स्ट्राइकर गावी ने अपने आठवें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में स्पेन की ओर से पहले गोल दागा। टीम के लिए दूसरा गोल इनिगो मार्टिनेज ने किया। चेक गणराज्य को पहले याकुब पेसेक (चार मिनट) और फिर जॉन कुचता (66वें मिनट) ने बढ़त दिलाई लेकिन स्पेन ने दोनों बार बराबरी हासिल की। गुरुवार को स्पेन से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली पुर्तगाल की टीम अब ग्रुप दो में चार अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। लीग बी के एक अन्य मैच में सर्बिया ने स्लोवेनिया को हराया। यूनान ने तीसरे टीयर के ग्रुप दो में कोसोवो को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इसी ग्रुप में साइप्रस ने उत्तरी आयरलैंड से गोल रहित ड्रॉ खेला। ग्रुप-4 में जॉर्जिया की टीम बुल्गारिया को 5-2 से हराकर छह अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। जिब्राल्टर को 2-0 से हराने वाली उत्तरी मैसेडोनिया की टीम उससे दो अंक पीछे दूसरे स्थान पर है।

सरकार ने 45 दिन में उद्योगों से 35,000 बोरी यूरिया जब्त किया

छह लोगों को गिरफ्तार किया गया, सात प्राथमिकी दर्ज की गई

नई दिल्ली। उद्योगों को अत्यधिक सब्सिडी वाले यूरिया की गलत तरीके से बिक्री पर रोक लगाने के लिए सरकार ने पिछले डेढ़ महीने में ऐसे यूरिया की लगभग 35,000 बोरियां (प्रत्येक में 45 किलोग्राम) जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि इस दुरुपयोग के लिए छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि सात प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। आमतौर पर यूरिया को ऐसे गलत तरीके से, प्लाईवुड, पशु चारा, क्रॉकरी, डाई और मोल्डिंग पाउडर बनाने वाले उद्योगों को बेचा जाता है। इन उद्योगों को सालाना लगभग 15 लाख टन यूरिया की आवश्यकता होती है। यूरिया अत्यधिक सब्सिडी वाला उर्वरक है और किसानों को केवल 266 रुपये प्रति बोरी पर बेचा जाता है, जबकि इसकी वास्तविक लागत लगभग 3,000 रुपये प्रति बैग है। उर्वरक विभाग ने घटिया गुणवत्ता वाले उर्वरकों के दुरुपयोग, कालाबाजारी और आपूर्ति पर रोक लगाने के मकसद से उर्वरक एवं संबंधित इकाइयों का औचक निरीक्षण करने के लिए विशेष टीम उर्वरक उड़न दस्ते का गठन किया है। कई शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने कृषि-ग्रेड यूरिया को इधर-उधर करने और कालाबाजारी को रोकने के लिए एक बहुआयामी रणनीति शुरू की है। यूरिया पर नीम का लेप होने के बावजूद ऐसा हो रहा है। औद्योगिक ग्रेड यूरिया के प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं पर तलाशी अभियान के दौरान 63.4 करोड़ रूपए की माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की चोरी का पता चला है, जिसमें से 5.14 करोड़ रुप की वसूली की जा चुकी है।सूत्रों ने कहा कि कृषि-ग्रेड वाले यूरिया के 25,000 बैग का एक बेहिसाब स्टॉक पाया गया और जब्त कर लिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जीएसटी अधिनियम के तहत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

एस्सार समूह ने सीबीएम परियोजना में किया 5,500 करोड़ रुपये का निवेश, उत्पादन रिकार्ड के पार

नई दिल्ली। देश के मशहूर एस्सार समूह ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन लिमिटेड (ईओजीईपीएल) ने मंगलवार को बताया कि पश्चिम बंगाल में उसके रानीगंज पूर्वी ब्लॉक से कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) गैस का उत्पादन प्रतिदिन आठ लाख घनमीटर को पार कर गया है और अगले 24-30 महीनों में उत्पादन तीन गुना करने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी पहले कोल सीम के नीचे पाई जाने वाली गैस सीबीएम को उर्वरक संयंत्रों तक ले जाने के लिए एक पाइपलाइन की कमी का सामना कर रही थी लेकिन गेल इंडिया लिमिटेड की ऊर्जा गंगा ट्रक लाइन शुरू होने के साथ अब वह बाधा भी दूर हो गई है। ईओजीईपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं निदेशक पंकज कालरा ने कहा, ''हमारा उत्पादन घटकर 4.50 लाख घनमीटर प्रति दिन तक आ गया था लेकिन मई, 2021 में यह पाइपलाइन चालू होने के साथ हम उत्पादन में तेजी ला रहे हैं। अब यह 8.25 लाख घनमीटर प्रतिदिन तक पहुंच गया है।'' उन्होंने कहा कि कंपनी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही है जिससे इस ब्लॉक से गैस उत्पादन सितंबर या अक्टूबर तक 10 लाख घनमीटर प्रतिदिन तक ले जाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, ''हम पहले ही ब्लॉक में लगभग 5,500 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं और अगले 18-20 महीनों में करीब 200 और कुओं की खुदाई की योजना है। इससे अगले 24-30 महीनों के भीतर हमारा उत्पादन तीन गुना होकर 25 लाख से 30 लाख घनमीटर प्रतिदिन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।'' भारत प्राकृतिक गैस की उपलब्धता के पूरक के तौर पर सीबीएम एवं अन्य गैर-परंपरागत संसाधनों के उत्पादन पर जोर दे रहा है। यह बिजली उत्पादन के लिए कच्चे माल, उर्वरक उत्पादन और वाहनों के लिए सीएनजी और घरों तक पाइप से रसोई गैस पहुंचाने में पूरक भूमिका निभा सकती है। भारत अपनी प्राथमिक ऊर्जा समूह में पर्यावरण-अनुकूल ईंधन की हिस्सेदारी को 6.7 प्रतिशत के मौजूदा स्तर से बढ़ाकर वर्ष 2030 तक 15 प्रतिशत तक ले जाना चाहता है। कालरा ने कहा कि ईओजीईपीएल की रानीगंज पूर्वी ब्लॉक जैसी परियोजनाएं उस लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेंगी। उन्होंने कहा, ''ईओजीईपीएल ने हमेशा राह दिखाई है और इसने रणनीतिक रूप से भारत में गैर-परंपरागत हाइड्रोकार्बन के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है।'' अब तक ईओजीईपीएल रानीगंज ब्लॉक में लगभग 350 कुओं का संचालन करती है। सीबीएम के अलावा इस ब्लॉक में शैल गैस का भी करीब आठ लाख करोड़ घन फुट का भंडार होने का अनुमान है। कंपनी अक्टूबर, 2022 और मार्च, 2023 के बीच एक परीक्षण कुएं की खुदाई कर इस गैस की संभावनाएं तलाशेगी।

रेलवे ने इस साल करीब 9000 ट्रेनें रद्द की, 1900 ट्रेनें कोयले की ढुलाई की वजह से रदद की

मुंबई। भारतीय रेलवे ने इस साल करीब 9000 ट्रेनें रद्द की हैं। इसमें से लगभग 1900 ट्रेनें, सिर्फ पिछले तीन महीनों में कोयले की ढुलाई के मकसद से रद्द की गई। इसका खुलासा आरटीआई से हुआ है। आरटीआई के जबाव में रेलवे ने कहा है कि 6995 ट्रेनें मेंटेनेंस और कंस्ट्रक्शन की वजह से रद्द की गईं, जबकि 1934 ट्रेनें मार्च से मई महीने के बीच कोयला ढुलाई के मकसद से रद्द की गईं। कोयला संकट की वजह से पिछले दिनों कई ट्रेनों को रद्द किया गया, ताकि उनकी जगह कोयले से भरी मालगाड़ चलाई जा सके और कोयला संकट से निपटा जा सके। कोयला संकट के चलते देश भर में बिजली संकट पैदा हुआ और कटौती बहुत अधिक होने लगी थी, क्योंकि बिजली बनाने के लिए कोयला के स्टॉक खत्म हो रहा था। इसके बाद पैसेंजर ट्रेन की रेक्स को कोयले से भरी मालगाड़ी चलाने के लिए इस्तेमाल किया गया। भारतीय रेलवे ने कहा कि अगले कुछ सालों में 58 सुपर क्रिटिकल और 68 क्रिटिकल प्रोजेक्ट बनने हैं, जिनकी कुल लागत करीब 1.15 लाख करोड़ रुपये है। इसके बाद मेंटेनेंस और कंस्ट्रक्शन को प्राथमिकता देनी होगी, जिससे कई ट्रेनें रद्द होंगी। आरटीआई के अनुसार भारतीय रेलवे ने जनवरी से मई के बीच 3395 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द कीं। वहीं इस दौरान मेंटेनेंस और कंस्ट्रक्शन के चलते 3600 पैसेंजर ट्रेनें रद्द की गईं। जनवरी और फरवरी के दौरान कोयले की ढुलाई के लिए कोई भी ट्रेन रद्द नहीं की गई। पिछले 3 महीनों में कोयले की ढुलाई के मकसद से 880 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें और 1054 पैसेंजर ट्रेनें रद्द की गईं। रेलवे अभी भी लोगों को कनफर्म टिकट मुहैया कराने में बहुत अधिक संघर्ष कर रहा है। इसकी एक वजह ये है कि ट्रेनों की कमी है और दूसरी वजह ये है कि नई ट्रेनें नहीं चली हैं।

एनपीए खातों का अगले महीने शुरू हो सकता है बैड बैंक में स्थानांतरण

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने कहा कि 6,000 करोड़ रुपए के आकार वाली राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एनएआरसीएल) या बैड बैंक द्वारा अगले महीने बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के पहले सेट का अधिग्रहण किए जाने की उम्मीद है। सरकार ने एनएआरसीएल का गठन 500 करोड़ रुपए से अधिक आकार वाले बैंक एनपीए खातों का अधिग्रहण करने के लिए विशेष प्रायोजन वाली परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में किया है। वित्त मंत्रालय ने अपने कई ट्वीट में एनएआरसीएल के अगले महीने से सक्रिय होने की उम्मीद जताई। मंत्रालय के मुताबिक, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस विशेष प्रायोजन कंपनी की स्थापना को लेकर हुई प्रगति की समीक्षा की। मंत्री को इसकी प्रगति से अवगत कराया गया और सरकार एवं नियामकों से एनएआरसीएल एवं आईडीआरसीएल दोनों के लिए प्राप्त अनुमोदन एवं मंजूरियों का संज्ञान लिया गया। इस दौरान एनएआरसीएल और आईडीआरसीएल दोनों के प्रबंध निदेशक एवं निदेशक मंडल के सदस्य मौजूद थे। बैंकों ने 82,845 करोड़ रुपए के कुल 38 एनपीए खातों की पहचान की है जिन्हें शुरुआत में एनएआरसीएल के सुपुर्द करना है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की इस कंपनी में बहुमत हिस्सेदारी है।

अब पैरासिटामोल और अन्य 15 दवाइयों के लिए डॉक्टर की पर्ची की जरूरत नहीं

नई दिल्ली। पेरासिटामोल और आम इस्तेमाल वाली 15 अन्य दवाइयों को खरीदने के लिए अब डॉक्टर की पर्ची की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार इन दवाओं को ओवर द काउंटर (ओटीसी) लिस्ट में डालने की तैयारी में है। यानी इन दवाओं को खरीदने के लिए डॉक्टर की पर्ची की जरूरत नहीं पड़ेगी। इनमें पेरासिटामोल के अलावा डायक्लोफेनेक, बंद नाक खोलने में काम आने वाली दवाएं और एंटी-एलर्जिक दवाएं शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग रूल्स 1945 में बदलाव के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया है ताकि इन दवाओं को कानून के शेड्यूल के में शामिल किया जा सके। इससे रिटेलर इसे डॉक्टर की पर्ची के बिना बेच सकेंगे। इसका मकसद लोगों की आम इस्तेमाल वाली दवाओं की पहुंच को बढ़ावा देना है। इन 16 दवाओं में एंटीसेप्टिक और डिसइंफेक्टेंट एजेंट, गिंगीवाइटिस के इलाज में काम आने वाला माउथवॉश क्लोरोहेक्साडाइन, खांसी के इलाज में काम आने वाली दवा एंटी बैक्टीरियल एक्नी फॉर्मुलेशन, एंटी फंगल क्रीम, बंद नाक खोलने में काम आने वाली दवा, एनलजेसिक क्रीम फॉर्मुलेशन और एंटी एलर्जी कैम्पूल शामिल हैं। प्रस्तावित बदलावों से इन दवाओं को डॉक्टर की पर्ची के बिना बेचा जा सकेगा और इन तक लोगों की पहुंच आसान होगी। हालांकि इन दवाओं की ओवर द काउंटर बिक्री की अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी जाएगी। उदाहरण के लिए इलाज या इस्तेमाल की अधिकतम अवधि पांच दिन से अधिक नहीं होनी चाहिए। अगर इससे मरीज को आराम नहीं मिलता है तो उसे डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

सोनू सूद को दे देना चाहिए वैक्सीन लगाने जिम्मा: कुब्रा सैत

पिछले साल कोरोना वायरस की वजह से जब लॉकडाउन का ऐलान किया गया था तो अभिनेता सोनू सूद ने लोगों की अलग अलग तरह से मदद की थी। वहीं लॉकडाउन में फंसे लोगों को उनके घर और गांव तक पहुंचाया था। इसके अलावा आज भी अभिनेता सोनू सूद लगातार लोगों की मदद करते हुए नजर आ रहे हैं। देश में एक बार फिर से कोरोना वायरस काफी तेजी से फैल रहा है। कई राज्यों में नाइट कर्फ्यू और लॉकडाउन का ऐलान कर दिया गया। अब ऐसे में भारत में रोजाना कई हजार के सामने आ रहे हैं। देश में कोरोना वायरस की वैक्सीन भी लगाई जा रही है। वैक्सीनेशन की प्रक्रिया देख में पिछले काफी समय से चल रही है। वैक्सीनेशन को लेकर हाल ही में बॉलीवुड की एक अभिनेत्री ने एक बड़ी बात कही है। वो अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि अभिनेत्री कुब्रा सैत है। जिनका कहना है कि वैक्सीन लगाने की जिम्मेदारी अभिनेता सोनू सूद को दे देनी चाहिए। इस बात को खुद अभिनेत्री कुब्रा सैत ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है। जिसमें कुब्रा सैत ने एक ट्वीट करते हुए कहा कि, देश को वैक्सीन लगाने का काम सोनू सूद पर छोड़ देना चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हाल ही में अभिनेता सोनू सूद है अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि, वो अपील करते हैं कि 25 साल और उससे ऊपर वालों को भी वैक्सीन लगाई जाए। जिस तरह से मामले बढ़ रहे हैं और यहां तक बच्चे भी कोरोना वायरस की चपेट में आ रहे है। ऐसे में समय आ गया है कि अब हम 25 साल से ऊपर वालों के लिए भी व्यक्ति लगाने की घोषणा कर दें। अभिनेता के अनुसार नौजवानों में ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं।

डिकंस्ट्रक्टेड ब्लेजर को-ऑर्ड सेट में नजर आईं अदिति

अदिति राव हैदरी अपनी आगामी फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं अजीब दास्ताँ और हम उसके सभी पहनावे से नोट्स ले रहे हैं। अभिनेता हाल ही में वसंत-गर्मियों की शैली का लुत्फ उठा रहे हैं और कुछ ऐसे दिखते हैं जो ठाठ, सेक्सी और सैसी हैं। अपने नवीनतम

पहनावे के साथ, वह तमन्नाह भाटिया और सुपर मॉडल केंडल जेनर की तरह गुलाबी वसंत के परिधानों में भी बंध गईं। इवेंट के लिए अदिति ने गुलाबी रंग की ऑफ-शोल्डर ड्रेस पहनी थी। भव्य रफ़ल्ड टुकड़ा ब्रांड रोज़ रूम द्वारा किया गया था और इसमें धड़ में एक छायांकित और पेपरम स्कर्ट दिखाया गया था जो सिरों पर फीता के साथ एक सरासर उखड़ी हुई परत के साथ था। पोशाक में फीता की परतें भी थीं, जो सेक्सी पोशाक में स्त्री स्पर्श को जोड़ती थी। टुकड़ा से जुड़ी ट्रेन के लिए मरना था। उसने गुलाबी फूलों की प्रिंट वाली हील्स की एक जोड़ी के साथ लुक को स्टाइल किया और ड्रेस को कम से कम एक्सेसरीज़ के साथ चुनकर दिन का आकर्षण बनने दिया। अभिनेता को एक नाजुक चांदी के ज्यामितीय चोकोर पहने देखा गया, जो उसने कुछ अंगूठियों के साथ जोड़ा था। अदिति के ग्लैम में गुलाबी रंग के संकेत थे। उसने काजल से भरपूर लैशेस के साथ-साथ मिनिमल ब्लश और हल्के ग्लॉस वाले पिंक लिप्स के साथ एक सूक्ष्म आईशैडो का विकल्प चुना। अपने लंबे चमकदार मध्य-भाग वाले बालों को नीचे छोड़ कर स्टनर ने इसे बंद कर दिया। अदिति के स्टाइलिस्ट सनम रतनसी ने अपने इंस्टाग्राम पर दो दिलों को कैप्शन के रूप में साझा किया।

फिलहाल डिजिटल ही आगे बढ़ते रहने का एकमात्र रास्ता है : अविनाश तिवारी

अभिनेता अविनाश तिवारी लॉकडाउन के समय से पहले ही थिएटर और ओटीटी रिलीज के बीच तालमेल बिठाते रहे हैं। जहां एक तरफ तू है मेरा सनडे और लैला मजनू जैसी उनकी फिल्में बड़े पर्दे पर रिलीज हुई हैं, वहीं दूसरी ओर बुलबुल और घोस्ट स्टोरीज जैसी उनकी परियोजनाएं ओटीटी पर रिलीज हुई हैं। वर्तमान समय में कोरोना के मामलों में काफी अधिकता देखने को मिल रही है, जिससे बॉक्स ऑफिस का बिजनेस भी काफी प्रभावित हो रहा है। इस पर उनका मानना है कि डिजिटल परियोजनाओं की अधिकता का होना इस वक्त के हिसाब से बेहद सामान्य है। लेखक हुसैन जैदी की लिखी किताब पर आधारित उनकी अगली परियोजना डोंगरी टू दुबई एक सीरीज के तौर पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। अविनाश ने बताया, आज का समय इंडस्ट्री के लिए बेहद अनिश्चित है।

जंगली पिक्चर्स की फिल्म डॉक्टर जी के लिए शेफाली शाह बनी डॉक्टर!

आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह अभिनीत अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म डॉक्टर जी की घोषणा करने के बाद, जंगली पिक्च र्स ने हाल ही में एक अन्य लोकप्रिय और बहुमुखी अभिनेता को टीम में शामिल कर लिया है। जबकि फिल्म में दोनों कलाकार डॉक्टरों की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं अब निमार्ताओं ने अभिनेत्री शेफाली शाह को भी उसी प्रोफेशन में शामिल कर लिया है। यह प्रफुल्लित अभिनेत्री इस कैंपस कॉमेडी ड्रामा में आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी, जिसे नवोदित निर्देशक अनुभूति कश्यप द्वारा निर्देशित किया जाएगा। जबकि शेफाली शाह के किरदार से जुड़ी जानकारी को गोपनीय रखा गया है, लेकिन यह पता चला है कि पावरहाउस कलाकार फिल्म में एक वरिष्ठ डॉक्टर - डॉ नंदिनी की भूमिका को निर्बंधित करेंगी। पहली बार, तीन कलाकार एक साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे, जिसने निश्चित रूप से दर्शकों के बीच उत्सुकता को अधिक बढ़ा दिया है। शेफाली शाह एक उम्दा अभिनेत्री हैं जो दिल धड़कने दो व दिल्ली क्राइम जैसे फिल्म और शो में शानदार काम कर चुकी हैं, साथ ही उनकी किटी में कई अन्य दिलचस्प प्रोजेक्ट शामिल है। फिल्म के नरेशन के कारण प्रत्याशा पहले से ही अपने चरम पर है और अब कलाकारों की टोली में शेफाली के शामिल हो जाने से उत्सुकता दो गुना बढ़ गयी है। इस तिकड़ी का संयोजन निश्चित रूप से देखने लायक होगा! निर्देशक, अनुभूति कश्यप ने साझा किया, ह्मैं शेफाली को टीम में शामिल करने पर रोमांचित महसूस कर रहा हूं, वह अपनी सभी भूमिकाओं को इतनी सहजता और सूक्ष्मता के साथ निभाती हैं- मैं उनका प्रशंसक हूं! यह मेरी पहली फिल्म है, मैं वास्तव में प्रतिभा के ऐसे पॉवरहाउस के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। शेफाली शाह ने कहा, मैं डॉक्टर जी का हिस्सा बनने पर उत्साहित हूं। अनुभूति के साथ सुमित, सौरभ, विशाल सहित लेखकों ने एक शानदार स्क्रिप्ट लिखी है। मैं वास्तव में अनुभूति, आयुष्मान, जंगली पिक्च र्स और अद्भुत टीम के साथ काम करने के लिए तत्पर हूं! जंगली पिक्च र्स की सीईओ अमृता पांडे ने शेयर किया, जब हमने डॉक्टर जी के लिए कास्टिंग शुरू की थी, तो इस भाग के लिए एकमात्र नाम शेफाली का आया। हमें विश्वास है कि वह इस भूमिका में दमदार एनर्जी लाएंगी। हम उनका सेट पर आने और इस फिल्म को अधिक खास बनाने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।

यूक्रेन की मांग

रूस-यूक्रेन युद्ध को 100 दिन हो गए हैं और यूक्रेन लगातार अलग-अलग देशों से रूस के खिलाफ समर्थन मांग रहा है। अब यूक्रेन ने भारत से कहा है कि जंग खत्म होने के बाद वह यूक्रेन के सुरक्षा की गारंटी बने। यूक्रेन ने कुछ अन्य देशों के साथ मिलकर इस बारे में भारत से संपर्क साधा है। यूक्रेन उम्मीद कर रहा है कि जंग के बाद बुनियादी सुविधाओं को फिर से पटरी पर लाने के काम में भी भारत मदद करेगा। यूक्रेन के लिए पोस्ट वॉर सिक्योरिटी और पोस्ट वॉर कंस्ट्रक्शन-ये दोनों बेहद अहम मुद्दे हैं। साथ ही, दवाएं, तकनीकी और आर्थिक मदद की भी वह भारत से उम्मीद कर रहा है। अब तक भारत वहां 230 टन दवाएं और मानवीय मदद से जुड़ी अन्य चीजें भेज चुका है। इसमें सरकार के अलावा प्राइवेट कंपनियों से दी गई मदद भी शामिल है। दवा कंपनियों ने ही 7-8 मिलियन डॉलर की मदद भेजी है। ये ऐसी कंपनियां हैं, जिनके मुख्यालय तो भारत में हैं, लेकिन दफ्तर यूक्रेन और पूर्वी यूरोप में। यूक्रेन की भारत से मांग उस स्थिति में पूरी हो पाएगी, जब जंग खत्म होगी या किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी। रूस यूक्रेन जंग के सौ दिन पूरे हो चुके हैं। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। युद्ध की रणनीति बनाते समय शायद ही रूस ने सोचा हो कि यह युद्ध इतना लंबा चलेगा। ऐसे में सवाल उठता है कि इस जंग का निष्कर्ष क्या होगा। क्या इस युद्ध में रूसी सेना की जीत होगी। इस युद्ध में यूक्रेन का क्या होगा। क्या रूसी सेना के मनोबल पर इसका असर पड़ रहा है। इस जंग में अमेरिका और पश्चिमी देशों की क्या रणनीति है। क्या अमेरिका और पश्चिम देश अपनी रणनीति में सफल हुए हैं। यह ऐसे सवाल हैं, जो हर किसी के मन में हैं। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि अभी यह युद्ध और लंबा खिंच सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि रूस और यूक्रेन दोनों एक दूसरे को थकाने में लगे हैं। हालांकि, दोनों मुल्कों ने हाल के दिनों में अपनी-अपनी बढ़त का एलान किया है, लेकिन सच यह है कि इस जंग में दोनों पक्षों को भारी क्षति हुई है। इस जंग में मोटे तौर पर रूस को बढ़त हासिल हुई है, क्योंकि उसकी सैनिक क्षमता यूक्रेन से कहीं ज्यादा है। रूस को इस बात का अंदाजा नहीं था कि यह जंग इतनी लंबी चलेगी। इसलिए कहा जा सकता है कि रूस ने जैसी योजना बनाई थी, उस हिसाब से वह फौरी जीत हासिल करने में नाकाम रहा है। जंग में यूक्रेन को पश्चिमी देशों और अमेरिका का खुलकर सहयोग और समर्थन मिल रहा है। पश्चिमी देश और अमेरिका यूक्रेन को रक्षा उपकरणों से लेकर मानवीय उपयोग की चीजों की आपूर्ति कर रहे हैं। पश्चिमी देश और अमेरिका ने रूसी योजना पर पानी फेर दिया है। अमेरिका की यही मंशा है कि रूस को यूक्रेन में उलझा कर रखो। जाहिर है कि रूस यूक्रेन की जंग जितनी लंबी चलेगी उतना रूस कमजोर होगा। दूसरे युद्ध के कारण रूस को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर उसकी आर्थिक व्यवस्था पर पड़ रहा है। यूक्रेन रूस को खारकीव से दूर रखने में सफल हुआ, लेकिन दक्षिण में रूस का पलड़ा भारी था। इस लड़ाई का नतीजा केवल सैन्य ताकत पर निर्भर नहीं करेगा। रूस भी यूक्रेन को नुकसान पहुंचाने के लिए आर्थिक और राजनीतिक ताकत का भी इस्तेमाल कर रहा है। पश्चिमी देशों के प्रतिबंध से रूस को तो आर्थिक नुकसान पहुंचा है, लेकिन यूक्रेन को ज्यादा नुकसान हुआ है। रूस की जीडीपी में अगले वर्ष 12 फीसद की गिरावट की आशंका है, लेकिन यूक्रेन की जीडीपी में 50 फीसद तक की गिरावट आ सकती है। रूस की ओर से काला सागर का रास्ता रोक लिए जाने से यूक्रेन को बहुत ज्यादा नुकसान होगा। अगर यह युद्ध लंबा चला तो पश्चिमी देश भी इससे प्रभावित होंगे।

शमशानघाट बन गई अवैध पटाखा फैक्टरी:यह हादसा नहीं सरासर हत्याएं हैं?

नरेन्द्र भारती

पलक झपकते ही हापुड़ में अवैध पटाखा फैक्टरी शमशानघाट बन गई।लाशों के ढेर लग गए।चीखो पुकार मच गई।मजदूर जिदां जलकर खाक हो गए।यह हादसा नहीं सरासर हत्याएं है।लापरवाही बरतने वालों को फांसी की सजा देनी चाहिए।यह दर्दनाक हादसा एक खौफनाक इबारत लिख गया।4 जून 2022 को उतरप्रदेश के हापुड़ में एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से 11 मजदूर जिन्दा जल गए तथा 15 मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए।गत 22 फरवरी 2022 को हिमाचल के जिला उना के हरोली उपमंडल के बाथू अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से 6 महिलाएं जिंदा जल गई थी मरने वालों में एक मां व बेटी भी थी। और 11 कामगार गंभीर रुप से घायल हो गए थे।अवैध पटाखा फैक्टरी के संचालको पर हत्या का मुकदमा दर्ज करना चाहिए।देश में मजदूरों के साथ होने वाले हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।कारखानों व अवैध पटाखा फैक्टरीयों में जिंदा जल कर मजदूर मर रहे हैं। अल सुबह मजदूरों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि पल भर में ही वह राख हो जाऐगे। मुआवजा इसका हल नहीं है। अवैध रुप से काम करने वाली फैक्टरीयों पर छापामारी करनी चाहिए।प्रशासन को भी संज्ञान लेना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक ले सके।आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018 में भी एक ही दिन में दो हादसों में 19 मजदूर मारें गए थे जब राजधानी दिल्ली के बाहरी जिले में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक पटाखों की फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग लगनें के कारण 17 लोगों की मौत हो गई थी और तीस लोग बुरी तरह झुलस गए थे। मरने वालों में 10 महिलाएं तथा 7 पुरुष थी।मजदूरों ने सपने में भी नही सोचा होगा कि यह पटाखा गोदाम शमशान बन जाएगा ।पल भर में जिन्दा लोग राख में बदल गए यह बहुत ही त्रासदी थी।कैसी विडंबना है कि कभी सुरगों व उद्योगों में बेमौत मारे जा रहे हैं। मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है।देश में हर वर्ष मजदूर दबकर व जलकर मारे जा रहे हैं। 8 दिसंबर 2019 को राजघानी दिल्ली में रानी झांसी रोड़ पर स्थित अनाज मंडी में आग लगने से 43 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा कई लोग घायल हो गए थे।एडीआरएफ की टीम ने केवल 56 लोगों की जान बचा ली थी।यह भीषण आग सुबह साढे चार बजे के करीब लगी थी।आग लगने का कारण शार्टसर्किट था।भारतीय दंड सहिंता की धारा 304 के अंर्तगत मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया था।यह मजदूर बिहार के समस्तीपुर के एक ही गांव के थे। 2019 में उद्योगों में आग के काफी मामले घटित हुए थे। लगभग तीन घंटे की मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका तब तक सब कुछ राख हो चुका था।आग के कारणो का पता नहीं चल पाया है।प्रशासन को चाहिए कि लापरवाही बरतने वालों को सजा दी जाए ताकि फिर एसे हादसे न हो सके।दूसरे हादसे में कानपुर में भी दो मजदूरों की मलबे में दबने से दर्दनाक मौत हो गई। एक दिन में ही 19 मजदूर मारे गए।यह बहुत ही दुखद है। ।बीते वर्ष में रायबरेली के उंचाहार में एटीपीसी संयत्र का बायलर फटने से 30 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा 100के लगभग घायल हो गए थे।500 मैगावाट इकाई के बायलर में यह हादसा हुआ था उस समय 200 कामगार मौजूद थे सरकारों ने मृतकों को मुआवजे की घोषणा करती है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है।एक ऐसा ही हादसा जयपुर के पास खातोलाई गांव में

घटित हुआ था जहां टाऊसफारमर फटने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इन हादसों ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा पर प्रशनचिन्ह लगा दिया है इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा तथा मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होगें ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। गत वर्ष जम्मू के उधमपूर से 80 किलोमीटर दूर रामबन जिले के चंद्रकोट में जम्मू-कश्मीर हाईवे पर टनल कर्मचारियों की बैरक में आग लगने से दस श्रमिक जिंदा जल गए थे। यह बैरक लोहे व फाईबर की बनी थी। यह बहुत ही दुखद हादसा था। आग लगने का कारण बिजली का शार्टसर्किट था।इस बैरक में 100 से अधिक लोग रहते थे। मगर छुटटी होने के कारण आसपास के लोग अपने घरों को चले गए थे। गनीमत रही की यह अपने-अपने घरों को गए थे वरना मृतको की संख्या 100 के लगभग होती ।नया वर्ष इन मजदूरों के लिए यमराज बन कर आया था और बेचारे टनल में ही जिन्दा जलकर राख हो गए थे इन अभागों ने सपने मे भी नहीं सोचा होगा की नया साल उनके लिए घातक साबित होगा।मारे गए मजदूरों में एक मजदूर हिमाचल के कांगड़ा का था तथा एक पंजाब का था बाकि बनिहाल-रामबन क्षेत्र के निवासी थे।सुरगं में घटित इस दर्दनाक हादसे ने कई प्रशन खड़े कर दिए है कि आखिर यह हादसे कब रुकेगें।यह कोई पहला हादसा नहीं है देश में अब तक हजारों मजदूर बेमौत मारे जा चुके है।एक साल पहले हिमाचल के बिलासपुर में भी एक ऐसा ही हादसा घटित हुआ था जब फोरलेन का काम करते समय सुरंग ढह गई और तीन मजदूर उसमें दब गए मगर 12 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद दो मजदूरों को जिन्दा निकाला गया था। एक मजदूर हिरदा राम कोई पता नहीं चल पाया था कि वह जिन्दा था या मर चुका था लगभग 9 महीने बाद उसका शव बरामद हुआ था। हिमाचल के जिला किन्नौर में एक निर्माणाधिन प्रोजेक्ट की दीवार गिरने से चार मजदूर बेमौत मारे गए थे। यहां पर 11 मजदूर काम कर रहे थे कि अचानक दीवार गिर गई सात मजदूर तो भागकर बच गए मगर बेचारे चार मजदूर जिन्दा दफन हो गए।इन मजदूरों पर 42 मीटर लंबी दीवार गिर गई थी। हिमाचल में ऐसे बहुत हादसे हो रहे है हमीरपुर में भी गत दिनों दर्जनों मजदूर मारे गए थे। 2015 के फरवरी माह में एक सप्ताह में दो दर्दनाक हादसों में 10 मजदूर मारे गए और 20 मजदूर घायल हो गए। पहला हादसा हिमाचल के कुल्लु में हुआ तथा दूसरा मुम्बई में हुआ। मुम्बई के अलीबाग में एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 9 मजदूर मारे गए थे और 19 घायल हो गए थे। और दूसरी घटना में 24 फरवरी 2014 को कुल्लु के मणीकर्ण में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई थी जो बिजली विभाग के एक ठेकेदार के पास काम कर रहा था इस दर्दनाक हादसे में एक अन्य मजदूर घायल हो गया था। गोवा के कनाकोना शहर में एक निर्माणाधीन इमारत गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई थी।

मृत्यु के उपरांत शरीर नष्ट हो जाता है

अष्टावप्र गीता में आचार्य अष्टावक्र कहते हैं कि मनुष्य शरीर मात्र शरीर नहीं है। वह चैतन्य आत्मा है। आत्मा ही इस शरीर की पोषक है। जैसे ही आत्मा इस शरीर से बाहर निकलती है, शरीर विकृत होने लगता है। बुद्धि, कर्म, भोग, अहंकार, लोभ, मोह शरीर और मन के धर्म हैं, आत्मा के नहीं। आत्मज्ञान के अभाव में ऐसी भ्रांति हुआ करती है कि मैं एक शरीर हूं, आत्मा नहीं। यही तो अज्ञान है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश इन पांच तत्वों से मिलकर शरीर बनता है, जो भौतिक, अनित्य और नष्ट होने वाला है। मृत्यु के उपरांत शरीर नष्ट हो जाता है, पर हम शरीर के नष्ट हो जाने के बाद भी अगली यात्र पर निकल जाते हैं। जैसे पुराने वस्त्रों को छोड़कर नया वस्त्र धारण कर लेते हैं। यह शरीर हमारा वस्त्र मात्र है, जो भौतिक पदार्थों से मिलकर बना है। हम सब घर नहीं, बल्कि इसमें रहने वाले मालिक हैं। हम बार-बार यह कहते हैं कि हम शरीर नहीं आत्मा हैं, जो चैतन्य है। आत्मा का कोई वर्ण नहीं होता, वह ब्राण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र नहीं होती। वह तो चैतन्य-शक्ति मात्र है, जो समस्त प्रकार के जीवों में समान रूप से व्याप्त है। यह आत्मा न किसी वर्ण वाली है और न आश्रम वाली है। आत्मा की न कोई जाति होती है और न ही कोई धर्म होता है। ये चार आश्रम-ब्राचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास वाली भी नहीं है। आत्मा न कर्ता है और न भोक्ता है और न ही भोग्य विषय है। इन तीनों से परे असंग, निराकार और साक्षी मात्र है। 1कुछ लोग कहते हैं कि यह घोर कलयुग है, यह पंचम काल है। इसमें तो मुक्ति हो ही नहीं सकती। इस संदर्भ में आचार्य अष्टावप्र कहते हैं कि क्नुम अपने को चैतन्य में स्थिर कर लो तो अभी मुक्ति को प्राप्त हो सकते हो।

बदलता पर्यावरण खेती के लिए खतरे की घंटी

मुकेश तिवारी

जलवायु परिवर्तन खाद्य सुरक्षा के सभी 4 आयामों खाद्य उपलब्धता, खाद्य पहुंच खाद्य उपयोग और खाद्य प्रणाली स्थिरता को प्रभावित करेगा कड़वा सच है कि यदि धरातल का तापमान ऐसे ही बढ़ता रहा तो इंसानो के समक्ष 2050 तक पेट भरने के लिए अनाज जुटाना मुश्किल हो जाएगा।

वर्तमान दौर में कृषि पर जलवायु परिवर्तन का बुरा असर पड़ रहा है, बदलते मौसम के प्रभाव से सिर्फ फसलों का उत्पादन ही प्रभावित नहीं हो रहा है, बल्कि उनकी गुणवत्ता पर भी असर पड़ रहा है, यह बात देश की खाद्य सुरक्षा के लिए आहम चुनौती बन रही है, एक अनुमान के अनुसार यदि 2040 तक तापमान मैं1, 5 डिग्री तक इजाफा होता है तो फसलों की पैदावार पर इसका गंभीर असर पड़ेगा, इस चेतावनी को भविष्य की मह ज संभावना की तर ह नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि अगर हम अभी से नहीं चेते तो य ह खतरा निश्चित है, इस तरह जलवायु परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ रहा है तो अप्रत्यक्ष प्रभाव आमदनी की हानि और अनाजों की बढ़ती दरों के रूप में परिलक्षित हो रहा है?, ज्ञात रहे कि कृषि की उत्पादकता बढ़ाने में उपजाऊ मृदा, जल, अनुकूल वातावरण किट पतंगों से बचाव आदि की भूमिका रहती है प्रत्येक फसल को विकसित होने के लिए उचित तापमान उचित प्रकार की मृदा वर्षा तथा आंध्र की जरूरत होती है लेकिन इनमें से किसी भी मान क में फेरबदल होने से फसलों की पैदावार काफी हद तक प्रभावित होती है, जबकि आने वाले दिनों में देश की जनसंख्या में इजाफा होगा ऐसे में प्रथक प्रथक फसलों की मांग बढ़ेगी, मगर जलवायु परिवर्तन इस राह में मुश्किल उत्पन्न करेगा, लिहाजा कृषि नीति को जलवायु परिवर्तन के जोखिम से निबटने के लिए फसल उत्पादकता में सुधार और सुरक्षा जाल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा तभी हम खाद्यान्न, सुरक्षा जैसे संकटों से जूझ सकते हैं जलवायु परिवर्तन खाद सुरक्षा के सभी चार आयामों खाद उपलब्धता, खाद्य पहुंच खाद्य उपयोग, और खाद्य प्रणाली स्थिरता को प्रभावित करेगा

कड़वा सच यह है कि यदि धरातल का तापमान ऐसे ही बढ़ता रहा तो हमारे सामने खाने का संकट उत्पन्न हो जाएगा, तापमान की बढ़ती गति को देखें तो आंकड़े बोलते हैं कि इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 3.7 डिग्री से 4.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा जिसका सीधा असर खाद्यान्न उत्पादन पर पड़ेगा उदाहरण के लिए आज यहां गेहूं, सरसों और आलू की खेती हो रही है तापमान बढ़ने से इन फसलों की खेती कदापि नहीं हो सकेगी, क्योंकि इन फसलों को ठंडक की आवश्यकता होती है ठीक इसी प्रकार अधिक तापमान बढ़ने से मक्का, धान, ज्वार आदि फसलों का क्षरण हो सकता है क्योंकि इन फसलों में अधिक तापमान के कारण दाना नहीं बनता है अथवा कम बनता है इससे इन फसलों की खेती करना असंभव हो सकता है।

तापमान वृद्धि से वर्षा की किल्लत

इसके अतिरिक्त तापमान वृद्धि से वर्षा में कमी होती है जिससे मिट्टी में नमी समाप्त हो जाती है, भूमि में निरंतर तापमान की कमी व वृद्धिसे अप्रक्षय की क्रिया प्रारंभ हो जाती है इसके साथ तापमान वृद्धि से गंभीर सूखे की संभावना बलवती हो जाती है इतना ही काफी नहीं जलवायु परिवर्तन मिट्टी की सेहत को भी बुरी तरह प्रभावित कर रहा है क्योंकि बढ़ता तापमान प्राकृतिक नाइट्रोजन की उपलब्धता कम कर रहा है और इसे बढ़ाने के लिए हम रसायनिक खादों का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं जो मिट्टी की उर्वरता को काफी प्रभावित कर रहा है ।सीएस ई की रिपोर्ट के मुताबिक 46 साल में 68 प्रतिशत पशु पक्षी घट गए हैं 2050 तक इंसानों को पेट भरने के लिए भी अनाज मिलना मुश्किल हो जाएगा खतरे की घंटी इस साल 16 राज्यों में 280हिट देव चली जिसमें से 28त्न राजस्थान, मध्य प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ तापमान तेजी से घटते जंगल , दूषित नदियां बर्बाद होती मिट्टी बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं और जहरीली हवा ने मानव जीवन के लिए बड़े खतरे उत्पन्न कर दिए हैं सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की महानिदेशक सुनीता नारायण द्वारा जारी ताजा साला रिपोर्ट के मुताबिक 11 मार्च से 18 मई 2022 के मध्य 16 राज्यों में 280 चली यानी इतनी बार तापमान सामान्य से 6,4डिग्री ज्यादा रहा वहीं, 1970 से 1916 के बीच दुनिया में 68त्न पशु पक्षी घट गए।

अनमोल जीवन लील रहा सड़क हादसों का अजगर?

सूडोकु नवताल- 6095

✶✶✶✶✩ मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6094 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

नरेन्द्र भारती

देश में सड़क दुर्घटनाओं का अजगर प्रतिदिन अनमोल जीवन लील रहा है।बढ़ते भीषण सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं।हादसे कब रुकेगें यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है।देश में हर रोज इतने भीषण व दर्दनाक हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नींद सो रहे हैं।रविवार 5 जून 2022 को को उतराखंड के उतरकाशी में मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों की एक बस के गहरी खाई में गिरने से 26 लोगों की मौत हो गई।चारधाम करने आए यात्रियों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि यह उनकी अंतिम यात्रा बन जाएगी।यह बहुत ही दुखद हादसा हुआ है।प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतु करोडों रुपया बहाया जाता है मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो इन हादसो पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है। हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है। प्रतिवर्ष की तरह 11 जनवरी 2022 से 17 जनवरी 2022 तक पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया।मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं।प्रशासन द्वारा लोगों को सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे है।वर्ष 2022 में भी सडक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं तथा प्रतिदिन दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढता ही जा रहा है।गत दिनों हिमाचल से दिल्ली जा रहे एक परिवार की गाड़ी की दूसरी गाड़ी से टक्कर में पूरा परिवार मौत के मुंह में समा गया था। इसे सरकारों की लापरवाही की संज्ञा देना गलत नहीं होगा। केन्द्र सरकार को इस पर गौर करना होगा तथा देश में बढ रही सड़क दुर्घटनाओ पर रोक के लिए कारगर कदम उठाने होगें नही तो देश के प्रत्येक महानगरों व शहरों से लेकर गांवों तक हर रोज लाशें बिछ रही है।बेकसूर लोग कब तक बेमौत मरते रहेगें। दुर्घटनाओं का कहर कब तक बरपता रहेगा। मानव जीवन को बचाना होगा क्योकि मानव जीवन दुर्लभ है।बेलगाम हो रहे यातायात पर लगाम लगाना सरकार व प्रशासन का कर्तव्य है लोगों को भी इसमें सहयोग करना होगा तभी इस समस्या का स्थायी हल हो सकता है यदि लोग सही तरीके से यातायात नियमों का पालन करते है तो सड़को पर हो रहे मौत के तांडव को रोका जा सकता है।लापरवाही से सड़कें रक्तरंजित हो रही है।चिराग बूझ रहें हैं।बच्चे अनाथ हो रहे हैं। 2022 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहें है।कोहरे के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है प्रतिदिन लोग मारे जा रहे है।यातायात के नियमों का पालन न करने पर ही इन हादसों में निरंतर वृद्धि हो रही है।सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लाखों रुपया बहाया जाता है मगर फिर भी सुधार नहीं होता।जब तक लोग यातायात के नियमों का उल्लघन करते रहेंगे तब तक इन हादसों में लोग बेंमौत मरतें रहेगें। बीते साल 2021 में भी सड़क हादसों का सिलसिला पूरी साल अनवरत चलता रहा और लोग लाखो लोग हादसों का शिकार होते रहे।हजारों लोग अपंग हो गए ताउम्र हादसों का दंश झेलते रहेगें। देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है। प्रतिदिन देश की सडकें रक्तरजित हो रही है नौजवानों से लेकर बुजुर्ग काल का ग्रास बन रहे हैं। आंकडें बताते है कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों से शीर्ष पर हैं। शराब पीकर बाहन चलाना ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखो लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए। ज्यादातर सड़क हादसे सर्दियों में होते है।आंकडों के अनुसार जुलाई 2018 को उतराखंड में धूमाकोट के नजदीक एक यात्रियों से भरी एक बस के 70 फुट गहरी खाई में गिर जाने से 50 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। बस में मरने वालों में 22 पुरुष तथा 17 महिलाए और आठ बच्चे शामिल थे।ऐसा ही एक भीषण हादसा पशिचिमी बंगाल में हुआ जहां 29 जनवरी 2018 को पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के इस्माइलपुर में एक सरकारी बस के नदी में गिरने से 36 यात्रियों की मौत हो गई। यह बस नदी पर बनी रेलिग तोड़कर नदी में जा गिरी।9यात्रियों ने तैर कर अपनी जान बचा ली तथा 9 लोग घायल हो गए थे।बस में 60 यात्री सफर कर रहे थे।यह दर्दनाक हादसा सुबह छह बजे के करीब हुआ।यात्रीयों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि यह उनका आखिरी सफर होगा। लापरवाही के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है सडक हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। पिछले दिनों पंजाब में एक जीप व ट्रक की आपसी टक्कर में दर्जनों स्कूली अध्यापक बेमौत मारे गए थे। धुंध के कारण आपसी टक्कर में दुर्घटनाएं होती हैं।

भावपूर्ण माँ की चिट्ठी

प्रो.शरद नारायण खरे

माता की चिट्ठी मिली,झंकृत उर के तार।
लगता मुझको मिल गया,यह पूरा संसार।।

माता की चिट्ठी सुखद,जो लगती उपहार।
माता के बस नाम से,खिल जाता उजियार।।

माता की चिट्ठी रचे,पावन इक विश्वास।
माता का तो नाम भर,है नेहिल अहसास।।

चिट्ठी माँ की दे रही,मुझे असीमित प्यार।
लेकर आई संग जो,खिलती हुई बहार।।

चिट्ठी माँ की जब मिली,मुझे मिला आशीष।
माता देती लाड़ नित,रखे हाथ मम् शीष।।

माँ की चिट्ठी संग में,लाती है उल्लास।
माँ से ही मिलता हमें,क़दम-क़दम विश्वास।।

माँ की चिट्ठी नित्य दे,मुझको चोखा ज्ञान।
कहती बेटे हर घड़ी,रहना तू इनसान।।

माँ की चिट्ठी दे खुशी,देती है नित हर्ष।
देती सम्बल है सदा,जीतूँ हर संघर्ष।।

माँ की चिट्ठी कह रही,रखना हरदम ध्यान।
बेटे तू करना सदा,नारी का सम्मान।।

माता की चिट्ठी लगे,हरदम इक वरदान।
जिसका हर इक शब्द नित,देता नव अरमान।।

माँ की चिट्ठी रसभरी,लिए शब्द हर लाड़।
बेटा-बेटी यदि दुखी,माता लेती ताड़।।

माँ की चिट्ठी दे सदा,संतति को उत्साह।
माता लगती है %शरद%,शाहों की नित शाह।।

नींद में हाथ-पैर चलाते हैं तो हो जायें सावधान

या आपको अच्छी नींद नहीं आती और रात में सोते वक्त पैर पटकने की आदत है तो सावधान हो जाइए आप पार्किंसंस का शिकार हो सकते हैं। अध्ययन के मुताबिक, विशेषकर पुरुषों में यह संकेत पार्किंसंस रोग से जुड़े एक विकार का संकेत हो सकता है। आंखों को जल्दी-जल्दी मीचने की आदत अक्सर 50 से 70 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों को प्रभावित करता है और महिलाओं की तुलना में ऐसा पुरुषों में अधिक पाया जाता है। यह नींद आने में दिक्कत के कारण होती है।

जबकि स्वस्थ लोग चैन को नींद सोते हैं तो वहीं आरबीडी से पीड़ित लोग अपने सपनों में जीवित रहते हैं और नींद के दौरान हाथ-पैर चलाते रहते हैं और चिल्लाते हैं।

एक रिपोर्ट से पता चला है कि आरबीडी वाले पुरुषों में डोपामाइन की कमी होती है। डोपामाइन ब्रेन में एक केमिकल है, जो भावनाओं, गतिविधियों, खुशी और दर्द की उत्तेजनाओं को प्रभावित करता है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ पार्किंसंस रोग के विकसित होने का जोखिम बढ़ता चला जाता है। मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाओं का समूह जो डोपमाइन को बनाता है, काम करना बंद कर देता है, जिस कारण पार्किंसंस रोग होता है। पार्किंसंस रोग को हिंदी में कम्पाघात कहते है। यह एक मानसिक विकार है जो केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र से जुड़ा हुआ रोग है। इस रोग की खोज सन 1817 में पार्किन्सन द्वारा की गई थी, इसिलिय इसे पार्किंसंस रोग कहते है। यह धीरे - धीरे बढ़ने वाला रोग है, जिसका शुरुआत में पता नहीं चलता।

जब यह रोग किसी व्यक्ति को हो जाता है तो वह दैनिक दिनचर्या भी ठीक ढंग से करने में अक्षम हो जाता है क्योंकि इस रोग में रोगी व्यक्ति का शरीर कंप-कंपता रहता है। व्यक्ति का पूरा शरीर कांपता रहता है। ये लक्षण आम तौर पर दिखाई नहीं देते , लेकिन जब रोगी कोई कार्य करता है तो उसके हाथ या पैर कांपने लगते है। वैसे अगर रोग तीव्र अवस्था में है तो आसानी से व्यक्ति को पहचाना जा सकता है। पार्किंसंस रोगव्यक्ति की अंतिम अवस्था में दिखाई पड़ती है अर्थात बुढ़ापे में इस रोग के होने की आशंका अधिक होती है। रोग उत्पन्न होने के बाद यह रोगी को अक्षम करने वाला होता है।

दांतों की ठीक से सफाई नहीं होने से कैंसर का खतरा

नियमित रूप से दांतों की सफाई से एक कैंसर जैसे बड़े खतरे से बचा जा सकता है। दरअसल एक अध्ययन में पता चला है कि मसूढ़ों की बीमारी के बैक्टीरिया आहारनाल में कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। इस अध्ययन में मुंह में पाए जाने वाले माइक्रोबायोटा और आहारनाल कैंसर के खतरों के बीच संबंधों की जांच-परख की गई। आहारनाल का कैंसर आठवां सबसे सामान्य तौर पर होने वाला कैंसर है और दुनियाभर में सबसे ज्यादा कैंसर से होने वाली मौत के मामले में इसका छठा स्थान है। दरअसल, रोग का पता तब तक नहीं चल पाता है, जब तक ये खतरनाक स्टेज में न पहुंच जाए। आहारनाल का कैंसर होने के बाद पांच साल जीने की दर है। प्रोफेसर का कहना है कि आहारनाल का कैंसर बहुत ही घातक कैंसर है। इसलिए इसकी रोकथाम, खतरों का स्तरीकरण और शुरुआत में पता चलने को लेकर नए मार्ग तलाशने की सख्त जरूरत है। आहारनाल में आमतौर पर जो कैंसर पाए जाते हैं, उनमें एसोफेजियल एडनोकारसिनोमा (ईएसी) और एसोफेजियल स्क्वेमस सेल कारसिनोमा (ईएससी) हैं। टैनेरिला फोर्सिथिया नामक बैक्टीरिया 21 फीसदी ईएसी कैंसर के खतरे बढ़ाने में जिम्मेदार थे। वहीं, ईएससीसी के खतरों के लिए पोरफाइरोमोनस जिंजिवलिस बैक्टीरिया जिम्मेदार थे। ये दोनों प्रकार के बैक्टीरिया आमतौर पर मसूढ़ों की बीमारियों में पाए जाते हैं।

सूखे मेवे हैं सेहत का खजाना

सर्दियां में सूखे मेवे शरीर को सेहतमंद रखने के लिए सबसे बेहतर रहते हैं। सूखे मेवे स्वाद में बेहतर होने के कारण सभी को पसंद होते हैं। इनके सेवन से शरीर को कई प्रकार के लाभ मिलते हैं।

बादाम

बादाम एक ऐसा ड्राइ फ्रूट है जिसकी विशेषताएं खत्म होने का नाम ही नहीं लेतीं। इसे आप हर रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। सुबह उठकर 4-5 बादाम खाने से आपके शरीर कई तरह के रोगों से मुक्त रहता है।

किशमिश

किशमिश कैल्शियम और फाइबर का एक अच्छा स्त्रोत है। इसके रोजाना सेवन से शरीर की हड्डियां मजबूत रहती हैं साथ ही इसका सेवन शरीर में खून की कमी नहीं होने देता। इसके अलावा किशमिश खाने से गुर्दे की पथरी, एनीमिया, दांतों में कैविटी आदि रोग नहीं होते। इसमें ग्लूकोस और फ्रक्टोज़ पाया जाता है, जिससे शरीर को ऊर्जा मिलती है। दुबले-पतले लोगों के लिए इसका सेवन काफी लाभदायक होता है।

काजू

काजू विटामिन-ई से भरपूर होता है। विशेषज्ञों की मानें तो काजू में एंटी-एजिंग तत्व पाए जाते हैं जो आपकी सेहत से लेकर त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद सिद्ध होते हैं। काजू के सेवन से आपकी त्वचा तरोताजा रहती है और आपके चेहरे पर भी उम्र के संकेत नहीं दिखते हैं।

पिस्ता

पिस्ता हमारे स्वास्थ्य के लिये बहुत अच्छा होता है। इसमें मैग्नीशियम, कॉपर, रेशा, फास्फोरस और विटामिन बी जैसे तत्वों की भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। पिस्ता शरीर के कोलेस्ट्रोल को कम कर दिल से जुड़ी बीमारियों से आपकी रक्षा करता है।

अखरोट

अखरोट के आकार को ध्यान से देखा जाए तो यह ठीक मनुष्य के मस्तिष्क के आकार सा लगता है। जिससे जाहिर होता है कि अखरोट खाने से व्यक्ति का दिमाग तेज चलता है।

मखाना

मखाना खाने से सेहत को बहुत सारे लाभ मिलते हैं। मखाने के सेवन से तनाव कम होता है और नींद अच्छी आती है। रात में सोते समय दूध के साथ मखाने का सेवन करने से नींद न आने की समस्या दूर हो जाती है। इस तरह अलग-अलग सूखे मेवे खाने से शरीर को कई तरह से लाभ प्राप्त होता है।

नमक की मात्रा कम रखें

जो लोग हाई ब्लडप्रेशर से पीड़ित हैं, उन्हें खानपान में नमक की मात्रा कम से कम करनी चाहिए। उन्हें नियमित तौर पर अपने ब्लड प्रेशर की जांच करनी या करानी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि उनका ब्लड प्रेशर सामान्य रेंज में है या नहीं। यदि नहीं तो फिर डॉक्टर से परामर्श लेकर दवाओं की डोज तय कराएं।

नियमित तौर पर अपने ब्लड प्रेशर की जांच करानी चाहिए। इससे यह पता चल सके कि उनका ब्लड प्रेशर सामान्य है या नहीं।

डॉक्टर से परामर्श लेकर दवाओं की डोज तय कराएं।

जो लोग हाई ब्लडप्रेशर से पीड़ित हैं, उन्हें खानपान में नमक की मात्रा कम से कम करनी चाहिए। उन्हें नियमित तौर पर अपने ब्लड प्रेशर की जांच करनी या करानी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि उनका ब्लड प्रेशर सामान्य रेंज में है या नहीं। यदि नहीं तो फिर डॉक्टर से परामर्श लेकर दवाओं की डोज तय कराएं।

सर्दियों में दिल के दौरे के मामले बढ़े

सर्दियों में दिल का दौरा (हार्ट अटैक) पड़ने के मामले बढ़ जाते हैं। हृदय रोगियों को कड़ाके की ठंड से बचना चाहिए। हाई ब्लडप्रेशर और हृदय रोगियों को टहलने की आदत को बरकरार रखना चाहिए, लेकिन उन्हें तड़के और देर शाम नहीं टहलना चाहिए।

खिली धूप निकलने के बाद ही टहलने जाएं।

जिन लोगों के दिल की मांसपेशियां कमजोर हो चुकी हैं, ऐसे लोगों में सांस लेने में तकलीफ की समस्या पैदा हो सकती है। इन लोगों के पैरों में सर्दियों के मौसम में पैरों में सूजन हो जाती है। ऐसे लोगों को कुछ ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जिनसे मरीजों को पेशाब ज्यादा होता है, जिससे उनके शरीर में से अतिरिक्त पानी निकल जाता है।

इन पीड़ित लोगों के संदर्भ में अगर हृदय रोग विशेषज्ञ साल्ट कम लेने और पानी कम पीने की सलाह देते हैं, तो सर्दियों के मौसम में विशेषज्ञ की इस सलाह पर सख्ती से अमल करना चाहिए। अगर कोई भी तकलीफदेह लक्षण सामने आएं, तो शीघ्र ही हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें। सर्दियों में सीने में संक्रमण, दमा और ब्रॉन्काइटिस की समस्याओं के गंभीर होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। अगर कोई व्यक्ति पहले से ही हृदय रोग से ग्रस्त है, तो उपर्युक्त रोगों से उसकी हालत और भी खराब हो सकती है। ऐसी स्थिति आने के पहले ठंड से और प्रदूषण से बचने के लिए हरसंभव उपाय करें। शरीर को गर्म रखने के लिए पर्याप्त ऊनी वस्त्र पहनें। सांस संबंधी किसी भी तकलीफ के सामने आने पर शीघ्र इलाज कराएं। इस मौसम में कुछ विशेष तरह के संक्रमण ज्यादा खतरनाक होते हैं, जिनमें इंफ्लूएंजा और न्यूमोकोकल संक्रमण प्रमुख हैं। इनसे बचाव के लिए डॉक्टर से संपर्क कर टीका लगवाएं।



व्यायाम से रहें फिट

व्यायाम सभी को करना चाहिये। इससे हम फिट रहते हैं। अगर आप हर दिन 30 से 40 मिनट व्यायाम करते हैं तो आप बहुत सी बीमारियों से दूर रहते हैं एक सर्वेक्षण में कहा गया है अगर कोई आदमी 70 साल का है और वह हर रोज व्यायाम करता है तो उसकी उम्र बढ़ जाती है और बीमारियों से भी दूर रहता है। स्वस्थ रहने के लिए यह सबसे बड़ा उपाय है।

सकारात्मक रहें

यह आपके जिंदगी का यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है। लोग इस पर ध्यान कम देते हैं। निराशाजनक माहौल से दूर रहें, सोते समय ना सोचे, कमाई से अधिक खर्च ना करें, किसी से झूठा वादा ना करें, जिसको आप पूरा ना कर सके, बिना मतलब का कुछ ना सोचें हैं। अच्छे लोगों से मिले हैं और उसे दोस्त करें खूब हंसे और दूसरे को हंसाने की कोशिश करें। दिमाग का सीधा रिश्ता दिल से होता है अगर आप तनाव में रहते हैं तो आपका ब्लड प्रेशर बढ़ता है जिस से बहुत सारी बीमारियां होती हैं जैसे हार्ट अटैक आदि। अपने लाइफ स्टाइल को ठीक करें जल्दी सोए और जल्दी जगे! चिंता, क्रोध, शोक, शक और दूसरों से अधिक उम्मीद न करें।

पौष्टिक भोजन

स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार की बहुत जरूरत होती है क्योंकि आप जानते हैं ज्यादातर बीमारी गलत आहार से होती है। इसलिए संतुलित आहार को अपनाएं। इसके साथ ही 3 से 5 लीटर पानी पिए। फल और सब्जी भी खाएं, खाने को चबाकर खाएं, रात में कम खाना कम खाएं, किसी भी एक चीज का ज्यादा मात्रा में सेवन ना करें।

अच्छी नींद

वैज्ञानिक मानते हैं कि नींद सबसे बड़ी दवा है आप गौर कीजिए जब आप काम करके बहुत ज्यादा थक जाते हैं। अगर आप गहरी नींद से सोते हैं तो सुबह अपने आप को तरोताजा पाते हैं। इसीलिए कहा जाता है अच्छी नींद का होना बहुत जरुरी है! कम नींद होना या ज्यादा नींद का होना इसका सीधा प्रभाव स्वास्थ्य पड़ता है। वैज्ञानिक अध्ययन से पाया गया है कि 8 घंटा से ज्यादा और 6 घंटे से कम नहीं सोना चाहिए। सोते समय सोचना नहीं चाहिए जिससे आपका नींद खराब होता है और आप सही सोच भी नहीं पाते हैं क्योंकि आप थके हुए होते हैं।

इलाज करवाने में देरी ना करें

लोग अपनी बीमारियों को डालने की कोशिश करता है या फिर अपनी बीमारियों को झुठलाता है कि मुझे यह बीमारी नहीं है इसका चयन स्वयं करें। डॉक्टरी सलाह अवश्य लें समय रहते अगर आप डॉक्टर से मिलते हैं तो आप का इलाज कम खर्च में जल्दी हो जाता है।

विश्व स्वास्थ संगठन के अनुसार आप हर रोज पांच अलग रंग का फल खाएं। संडे हो या मंडे हर दिन एक अंडे कम से कम खाएं। साफ पानी तीन से 5 मीटर हर दिन पीने की कोशिश करें। दूध का इस्तेमाल करें चाय पीने में दूध का इस्तेमाल होना इसे दूध का सेवन नहीं माना जाता है दूध पिए हैं या धूप से बना हुआ खाना खाएं।

खुश रहने के बहाने खोजें

सिर्फ अपने आपको कामनाएं वयस्त रखना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। आप काम भी करें साथ ही साथ खुश रहने के लिए अलग-अलग तरीकों को अपनाएं जैसे खेल कूद में भाग लेना, फिल्म देखना, अपने मनपसंद दोस्त से मिलना, घूमने जाना, मजाकिया आदत रखना, और मनपसंद खाना खाना आदि।

अपनाएं साफ सफाई

स्वस्थ रहने के लिए हाइजीन का होना बहुत जरूरी है सिर्फ अपने आप को साफ करना बहुत बड़ी बात नहीं है। आप जो समान इस्तेमाल करते हैं उसका भी साफ होना उतना ही जरुरी है और जहां पर आपका खाना पकता है उसका भी साफ होना जरूरी है।

नगरीय निकाय चुनाव में कार्यकर्ता पूरी तागत से लग जाये: खटीक

दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़

गोरमी। संतोष सिंह भदोरिया जिला मीडिया प्रभारी (युवा मोर्चा) द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी की मंडल कार्यसमिति की बैठक नगर के पोरसा रोड स्थित पूर्व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता आर्य के आवास पर आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी की जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी रश्मि खटीक एवं विशेष अतिथि के रुप में पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद चौहान उपस्थित थे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया बैठक के प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने स्वागत भाषण देते हुए मंडल कार्यसमिति की बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा पार्टी कार्यकर्ता पंचायत एवं नगरी निकाय चुनाव में पूरी लगन एवं मेहनत से भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए

अपनी पूरी ऊर्जा लगा दे पार्टी के लिए यह चुनाव आगामी मिशन 2023 से पहले सेमीफाइनल की तरह है पार्टी संगठन भी यह कोशिश करेगा कि ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया जाए जो जीतने की क्षमता रखता हो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पार्टी की जिला मंत्री रश्मि खटीक ने कहा की टिकट मांगने का हक पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को है लेकिन पार्टी जिस किसी को टिकट दे दे हम सबको मिलकर फिर पूरी ताकत से पार्टी को जिताने का संकल्प लेना होगा पार्टी का सरपंच जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष बनेगा तो उससे पार्टी की ताकत बढ़ेगी एवं कार्यकर्ता का मान सम्मान बढ़ेगा इसलिए हम सबको पूरी ताकत से नगरी निकाय एवं पंचायत चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा लगा देना है इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद चौहान ने कहा पार्टी हमारे लिए मां के समान है इसलिए हम सब कार्यकर्ताओं को अपना निजी स्वार्थ छोड़कर पार्टी का जैसा आदेश हो उसका पालन करना है हमें यह कोशिश करनी होगी की पार्टी ज्यादा से ज्यादा स्थानों पर जीते जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में हमें उसका लाभ मिल सके । बैठक में नगरीय निकाय के 15 वार्डों से उम्मीदवारी कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना अपना बायोडाटा भी प्रस्तुत किया इन सभी बायोडाटा को जिला संगठन को भेजा जाएगा जिला संगठन की कोर कमेटी इस पर विचार करेगी ।बैठक का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य एवं अंत में आभार प्रकट मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के बरिष्ठ नेता दलवीरसिंह तोमर गोकुल सिंह परमार अरविंद वर्मा जगदीश सोनी जय सिंह गुर्जर मुकेश यादव मनीष अग्रवाल विनोद यादव ओमकर यादव विजय कुशवाह नीरज यादव दिनेश यादव रवि सोनी रविन्द्र यादव सुनीता निर्मल आर्य गभीर यादव धर्मेंद यादव शाहरुख खान मोनू यादव राहुल थोकदार शिवराज यादव शम्भू यादव रज्जन भदोरिया मोनू शर्मा भान सिंह नरवरिया रामलखन सखवार रामकुमार शर्मा रणवीर परमार रिंकू दिक्सित पवन तोमर कमल सिंह गुर्जर रामवीर गुर्जर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

अंबाह पीजी कॉलेज की बीएससी की छात्रा यशी शर्मा ने केला देवी मंदिर मैं किया पौधारोपण

गणेश शंकर राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

अंबाह। खजूरी रोड की रहने वाली यशी शर्मा ने केला देवी मंदिर मैं किया पौधारोपण। यशि शर्मा ने कहा कि वृक्ष हैं तो पृथ्वी पर जीवन है। नए दौर में

वृक्षों का अंधाधुंध दोहन हो रहा है। यही कारण है कि मौसम में परिवर्तन आ रहा है। पृथ्वी के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों का संरक्षण आवश्यक है। इसलिए अपने जीवन में कम से कम दो पौधों का रोपण अवश्य करें। पौधों के रोपण के साथ उनकी देखभाल अवश्य करें। हम यह सोचें कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को क्या देकर जा रहे हैं। पौधों को रोपकर हम उन्हें जीने लायक वातावरण तो देकर जाएं। अंत में यशी शर्मा ने केला देवी मंदिर परिसर में पौधों का रोपण कर अन्य लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया।

बजरंग दल प्रखंड पलेरा द्वारा लगातार जारी है गौसेवा

अजय खंगार दैनिक पुष्पांजलीं टुडे

पलेरा। बजरंग दल पलेरा के कार्यकर्ताओं ने बैंडरी गाँव में किया गाय का ईलाज की खाने पीने की व्यवस्था बजरंग दल प्रखण्ड विद्यालय प्रमुख भोले रैकवार ने बताया कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आज घायल गाय का ईलाज किया गया भोले रैकवार ने बताया कि कहीं भी पलेरा क्षेत्र में गाय बीमार दिखाई दे तो वह उहें सूचित करें भोले रैकवार ने बताया कि हम सभी को गाय की सूरक्षा करनी चाहिए बजरंग दल कार्यकर्ताओं में प्रखण्ड विद्यालय प्रमुख भोले रैकवार, सचिन अहिरवार, गौतम गुप्ता, अनिल अहिरवार, आकाश दिक्षित, राजा ठाकुर, बोबी राजा, और डा. आशूतोष घोष मौजूद रहे।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने सुपेबेड़ा में मंत्री टी.एस सिंहदेव को सौप ज्ञापन

पुष्पांजली टुडे
गरियाबंद जिला ब्यूरो चीफ त्रिलोकी तिवारी

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई गरियाबंद के अध्यक्ष श्री कुमेन्द्र कश्यप के नेतृत्व में 109000 सहायक शिक्षकों के सबसे लंबित मांग वेतन विसंगति को दूर करने के लिए गरियाबंद जिला के ग्राम सुपेबेड़ा में पहुचे मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकाश विभाग,लोकस्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष ज्ञापन सौपा गया।साथ ही सविलयन से पूर्व पंचायत विभाग के सभी तरह के एरियर्स राशि एवं शासन द्वारा वनटाइम रिलेक्सन के तहत तीन वर्ष के सेवा अवधि पूर्ण कर चुके सहायक

शिक्षको को शिक्षक एवं प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद में पदोन्नति किया जाना है।जिस पर न्यायलियन बाधाओं को शासन स्तर पर दूर करके उक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया को पूरा करने की मांग को रखा गया है। तथा देवभोग विकास खण्ड के शिक्षकों का सी.पी.एस. कटौती की राशि को सम्बन्धित के खाते में जमा करवाने हेतु माननीय मंत्री जे के समक्ष बात को राखी गयी है। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई गरियाबंद के संरक्षक श्री अवनिश पात्र, कोषाध्यक्ष श्री गणेश राम दुर्गा,प्रवक्ता श्री यसवंत बघेल फेडरेशन ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार ठाकुर बिरेन्द्र सोनवानी, अनिल सिंह,मिलान सोनवानी,लालबहादुर मांझी, आषुतोष अवस्थी, अमरलाल मांझी,उपस्थित रहे ।

दिनारा कस्बे के ग्राम पुराने दिनारा मे चल रही भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

पाप का अंत करने हर युग में परमात्मा लेते हैं। अवतार पृथ्वी पर मरते हैं धर्म की स्थापना कथा वाचक पूवी व्यास

भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक पूर्वी व्यास ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण गीता में कहते हैं कि जल,अग्नि, वायु, पृथ्वी,आकाश मन अहंकार और बुद्धि आदि आठ प्रकार की मेरी प्रकृति है, यह प्रकार मेरी जड़ प्रकृति है, जिससे संपूर्ण जगत धारण किया जाता है। यह मेरी प्रकृति चेतन है। महाराज ने कहा कि भाद्रपद की अष्टमी के दिन 16 कलाओं से युक्त भगवान श्री कृष्ण ने मृत्यु लोक में अवतार लिया था, भगवान श्री कृष्ण के रूप में श्री विष्णु का यह अवतार समय अनुकूल था। महाराज ने कहा कि गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को अपने अवतार लेने के बारे में बताया है,भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब ही मैं अपने साकार रूप से लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूं। मैं साधुओं व भक्तों का उद्धार करने के लिए पापी लोगों का विनाश करता हूं। पूर्वी व्यास ने कहा कि परमात्मा इस संसार में धर्म की स्थापना करने के लिए हर युग में अवतार लेते हैं। वहीं महोत्सव के दौरान

कथावाचक पूर्वी व्यास ने कृष्ण जन्म की कथा का वाचन किया। कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हुआ।आयोजन स्थल पर श्री कृष्ण जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कथा पंडाल में बधाई गीतों की गूंज रही। वहीं भक्तों पर भी भक्ति का ऐसा रंग चढ़ा कि वह भाव विभोर होकर झूमने लगे। कथावाचक पूर्वी व्यास ने वृंदावन धाम के श्री कृष्ण केअवतार का विस्तार पूर्वक बखान किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के अवतार की कथा पुराण ग्रंथों में प्रचुर मात्रा में मिलती है, पौराणिक कथाओं के अनुसार एक समय द्वापर युग में अत्याचार अनाचार और अपराधअपनी चरम सीमा को पार कर गया।

भगवान विष्णु की देवताओं ने की स्तुति

कथा में व्यास ने कहा कि धरती माता ने जब सभी देवताओं को अपनी व्यथा सुनाई, तो सभी स्तब्ध रह गए, इस दौरान स्वयं ब्रह्मा जी ने सभी देवों को भगवान विष्णु की शरण में जाने को कहा, ब्रह्मा जी के नेतृत्व में धरती माता सहित सभी देवता जी सागर तट पर जा पहुंचे और भगवान विष्णु की स्तुति करना शुरू कर दी, उनकी स्तुति से भगवान विष्णु अति प्रसन्न हो गए, भगवान विष्णु ने अपनी मधुर और मोहन वाणी से सब को आशीर्वाद दिया और उनसे यूं आने का प्रयोजन पूछा। तब धरती माता ने अपनी व्यथा सुनाई। भगवान विष्णु पृथ्वी की पीड़ा जानकर अत्यंत दुखी हुए और तब भगवान ने सभी देवों को पृथ्वी पर अपने अवतार लेने और धर्म की स्थापना करने की बात कही। कथा के दौरान व्यास ने सुंदर भजन भी सुनाए। जिसे सुनकर श्रोता आनंदित हो उठे। हजारों की संख्या में श्रदालु मौजूद थे।

थाना प्रभारी गोहद चौराहा पहुंचे कोचिंग क्लासेस, बच्चों से किया संवाद

थाना प्रभारी गोहद चौराहा रविन्द्र शर्मा ने गोहद चौराहा कस्बे में विभिन्न कोचिंग में पहुंचकर बालक बालिकाओं के साथ संवाद किया संवाद के दौरान

मोनू बाथम पुष्पांजलीं टुडे

गोहद । पुलिस ने मुसीबत के समय सहायता प्राप्त करने हेतु डायल हंड्रेड सेवा, घायल को उपचार हेतु पहुंचाने 108 सेवा, महिला हेल्पलाइन में महिला संबंधी शिकायत करने के लिए 1090 सेवा, गुड सेमेरिटन योजना जिसमे घायल को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल पहुंचाने पर शासन द्वारा ?5000 की राशि पहुंचाने वाले को दी जाती है के संबंध में बालक बालिकाओं को अवगत कराया साथ ही कोचिंग क्लासेस में आते जाते समय किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर यदि कोई बालक बालिकाओं को देखे तंज कसते है तो तत्काल थाना प्रभारी को अवगत कराने हेतु बालक बालिकाओं को अपना मोबाइल नंबर भी नोट कराया सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना प्रभारी गोहद चौराहा निरीक्षक रविंद्र शर्मा द्वारा लगातार ग्रामीणों से तथा विभिन्न वर्ग के लोगों से प्रथक प्रथक संवाद किया जा रहा है।

महेंद्र मुणोत ने अन्नदान का किया शुभारंभ

पुष्पांजंली टुडे

बेंगलुरू–मंगलवार मातृभूमि समाज सेवा संस्था द्वारा बेंगलुरु सिटी मार्केट मैं नालावडे कृष्णा राजेंद्र वाडियार कि प्रतिमा का अनावरण किया गया ।इस अवसर पर अतिथियों ने महाराजा के सेवा कार्यों को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए महेंद्र मुणोत ने अन्न दान कार्यक्रम का शुभारंभ किया संस्था के पदाधिकारी शिवकुमार राजेश एवं अन्य अतिथियों ने महेन्द्र मुणोत को मैसूर फेटा व माला पहनाकर सम्मानित किया। महेंद्र मुणोत ने संस्था के पदाधिकारीओं को धन्यवाद दिया ।

पुराने शिक्षकों को आज भी नमन करता हूँ : एस पी राजेस सिंह चंदेल

उत्कृष्ट शिक्षकों का किया सम्मान

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी–निपुण भारत के अंतर्गत मिशन अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 एव 2 मे अध्यापन कराने बाले शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ बेच के समापन सत्र मे कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वति पर माल्यार्पण कर , अतिथि देवो भवः की परंपरा का पालन करते हुए एस पी राजेस सिंह चंदेल का मालार्पण कर स्वागत मनोज निगम जिला परियोजना समन्वयक एवं प्राचार्य मॉडल स्कूल विनय वहरे द्वारा किया गया , एसपी राजेस सिंह चंदेल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए शा उमावि मॉडल स्कूल शिवपुरी मे अपने उद्बोधन मे कहा कि मे आज भी अपने पुराने शिक्षकों को याद करता हूँ , मैं आज जो भी हूँ उन शिक्षकों के कारण हूँ इसलिए बेहतर राष्ट्र के निर्माण मे सहयोग करते हुए एवं बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें , शिक्षक

स्वयं सर्वश्रेष्ट होता है इसलिए उनका सम्मान भी सर्वश्रेष्ट है , इसलिए मे भी उनका सम्मान करता हूँ, आज मे शिक्षकों को सम्मानित करे खुशी महसूस कर रहा हूँ, अंगद सिंह तोमर बीआरसीसी ओ उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूँ , जिला परियोजना समन्वयक मनोज निगम द्वारा अपने उद्बोधन मे कहा कि आपने इस भारी धूप मे जो भी प्राप्त किया उसे बच्चों तक लेकर जाएँ, एवं अंकुर मिसन के तहत यह कार्यक्रम जो संचालित किया जा रहा है उसे निर्देश अनुसार संस्थाओ मे संचालित करें , प्रशिक्षण मे उत्कृष्ट सहभागिता करने बाले जिन शिक्षकों ने सहयोग किया उनमे लक्ष्मी सगर , अंजना दंडोतिया, भवना सगढ़े , बृजलता शर्मा , रेखा राजे , पीडी जोसी , रेखा रघुवंशी , विमलेश गौड़ , रामनिवास सोमर , अमित गुप्ता , इमरान खान , मुन्ना लाल योगी , उमा रघुवंशी , विजय कुमार मोतिया , अंशु शर्मा , रश्मि वर्मा , नीलम नरवरिया, साधना अग्रवाल, मधू साहू , उर्वशी शर्मा , मास्टर ट्रेनर निर्मल जैन , महवीर मुदगल , जबाहर सिंह , राम लखन राठोर शामिल है , इस प्रशिक्षण को सफल बनाने मे जो टीम कार्य कर रही थी उनको भी पुलिस अधीक्षक के द्वारा सम्मानित किया गया , जिसमे सुनील राठोर, राजेश खत्री , दिनकर नीखरा, कैलाश नारायण शाक्य , हेमंत , प्रदीप शर्मा शामिल है, सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने बाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र बांटे गए, बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर द्वारा बताया गया कि चौथे बेच का शानदार समापन आज हुआ , पंचम बेच 8 जून से प्रारंभ होगा, अभी तक 286 शिक्षकों मे अंकुर मिसन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया गया है , सभी शिक्षकों को चाय प्रदाय की गई, कार्यक्रम के अंत मे , पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए एवं एस पी के 3 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर स्मृति चिन्ह एवं पौधा बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर एवं उनकी टीम द्वारा प्रदाय किया गया , मॉडल स्कूल उपलब्ध कराने एवं शानदार सहयोग हेतु प्राचार्य विनय बहरे का सम्मान पुलिस अधीक्षक द्वारा पोधा भेंट कर किया गया, जिला परियोजना समन्वयक मे मार्गदर्शन मे संचालित प्रशिक्षण मे अपना पूर्ण मार्गदर्शन देने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पोधा भेंट कर सम्मानित किया गया, बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्राचार्य मॉडल स्कूल द्वारा किया गया, समस्त अधिकारीयों ने शानदार व्यवस्थाओ देने के लिए एवं शानदार संचालन हेतु बी आर सी सी एवं उनकी टीम को बधाई दी , बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर द्वारा बताया गया कि अंतिम बेच मे जो शिक्षक अनुपस्थित रहेंगे वह कठोर कार्यवाही के लिए पात्र होंगे ।

दिव्य धाम आश्रम में आयोजित मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम में ध्यान की महिमा को दर्शाया गया

पुष्पांजली टुडे

दिल्ली। डीजेजेएस द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने शिष्यों को आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर अग्रसर किया गया। हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। भक्तिमय दिव्य भजनों की श्रृंखला ने उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ा। गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) के विद्वत प्रचारक शिष्यों ने समझाया कि वर्तमान समय में चहुं ओर फैली अशांति का मुख्य कारण है इंसान के विचारों में व्याप्त नकारात्मकता। आज मनुष्य सहनशीलता व धैर्य जैसे गुणों को भी खोता हुआ दिखाई दे रहा है। एक छोटी सी बात भी आज इंसान को इतना व्याकुल कर देती है कि अंततोगत्वा वह जीवन से ही हार मान बैठता है। अवसाद की खाई में गिर जाता है। आज इंसान सुख और शांति की तलाश में इधर-उधर भाग रहा है। सांसारिक वस्तुएं उसे क्षण-भंगुर सुख तो प्रदान करती हैं परंतु समय के साथ वह फीका पढ़ जाता है। अहम प्रश्न यह है कि क्या

सकारात्मकता एवं आनंद का कोई ऐसा चिर स्थाई स्रोत है जो मानस के भीतर से नकारात्मकता एवं दुःख को नष्ट कर सके? हमारे संतों एवं शस्त्रों ने पहले ही इस शाश्वत स्रोत को खोजा हुआ है।

परमहंस योगानंद जी ने एक बार कहा था कि, ÷मानव जाति उस 'कुछ और' की निरंतर खोज में संलग्न है, जिससे उसे पूर्ण एवं अपार सुख प्राप्त होने की आशा है। परंतु वे लोग जिन्होंने ईश्वर को खोजा और पाया है, उनकी यह खोज समाप्त हो गई है। वे जान गए हैं कि वह 'कुछ और' केवल और केवल ईश्वर है।÷ प्रचारक शिष्यों ने इस तथ्य को उजागर किया कि समय के पूर्ण गुरु की कृपा से प्राप्त शाश्वत ज्ञान पर आधारित ध्यान-साधना ही इस नकारात्मकता एवं अवसाद जैसी सार्वभौमिक समस्याओं को जड़ से मिटाने में सक्षम है। ध्यान के असंख्य लाभों को नज़र में रखते हुए इसका नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। इसे अपनी जीवनचर्या में एक महत्वपूर्ण अंग बनाने का प्रयास करना चाहिये। भगवान कृष्ण भगवद् गीता में कहते हैं- जैसे प्रज्वलित अग्नि लकड़ी को राख में बदल देती है, उसी प्रकार, हे अर्जुन, ज्ञान की अग्नि कर्मों से उत्पन्न होने वाले समस्त फलों को भस्म कर देती है (अध्याय 4, श्लोक 37)। ध्यान में दिखने वाला प्रकाश, मन के सभी रोगों को जड़ से नष्ट कर देता है। समय के पूर्ण गुरुओं द्वारा सिखाई गई शाश्वत ध्यान विधि हर प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक रोगों और कष्टों से हमारा बचाव करती है। अंतःकरण में प्रज्वलित ब्रह्मज्ञान की अग्नि, हमारे सभी कर्मों को भस्म कर देती है; कर्म बीज फलित होकर हमें शारीरिक एवं मानसिक यातना देने से पूर्व ही जल कर राख हो जाते हैं। शाश्वत ध्यान विधि का एक और महत्वपूर्ण पक्ष भी है- अहंकार का क्रमशः नष्ट हो जाना, जो हमें हमारी वास्तविक पहचान से दूर रखता है। यह तथ्य समझना जरूरी है कि एक दिन शरीर मिट्टी में मिल जाएगा। शरीर को दुरुस्त रखने के अनन्य प्रयासों के बाद भी इसे नष्ट होने से नहीं बचाया जा सकता। उस दिन के आने से पहले समय का सदुपयोग करें और अपना ध्यान आत्मा की ओर लगाएं। ऐसा करने से हम चिर स्थाई आनंद और परिपूर्णता का लाभ उठा पाएंगे। सामूहिक ध्यान-साधना के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। उपस्थित भक्तजनों ने प्रेरणादायी प्रवचनों को प्राप्त कर, पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ नियमित ध्यान-साधना के शिव-संकल्प को धारण किया।

रिटायर्ड आईपीएस और पूर्व विधायक मैदान में

भोपाल। गुना जिले की चाचौड़ा से भाजपा की विधायक रहीं ममता मीणा और उनके रिटायर आईपीएस पति रघुवीर सिंह मीणा ने जिला पंचायत सदस्य के लिए अलग-अलग वार्डों से नामांकन दाखिल किया है। रघुवीर सिंह मीणा ने गुना जिला पंचायत के वार्ड नंबर 16 और पूर्व विधायक पत्नी ममता मीणा ने वार्ड 14 से नामांकन दाखिल किया है। वहीं मप्र के नवगठित निवाड़ी जिले के भाजपा विधायक अनिल जैन की पत्नी निरंजना जैन जनपद पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रही हैं। निवाड़ी जनपद पंचायत के वार्ड नंबर 5 से निरंजना जनपद पंचायत सदस्य की उम्मीदवार हैं। टीकमगढ़ से भाजपा विधायक राकेश गिरी की दो बहनों ने जनपद पंचायत सदस्य के लिए नामांकन किया है। विधायक राकेश गिरी की बहन कामिनी गिरी वर्तमान में टीकमगढ़ जनपद पंचायत की अध्यक्ष हैं। कामिनी दूसरी बार जनपद पंचायत के टीकमगढ़ वार्ड 22 से उम्मीदवार हैं, तो दूसरी बहन रानी गिरी ने भी वार्ड 13 से नामांकन दाखिल किया है। वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मप्र के पूर्व राज्यपाल रामनरेश यादव की पौत्रवधु रोशनी यादव निवाड़ी जिले के वार्ड नंबर 6 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रही हैं। रोशनी वर्तमान में भाजपा की जिला उपाध्यक्ष हैं। उनके सामने विधायक प्रतिनिधि संदीप यादव की मां भी चुनाव लड़ रही हैं।

अज्ञात आरोपियो ने कि युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या

भोपाल। नये शहर के अयोध्या नगर थाना इलाके मे अज्ञात आरोपियो द्वारा युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। मृतक युवक की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी ओर उसकी हत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है। पुलिस ने मामला कायम कर छानबीन शुरु कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इलाके के एन सेक्टर में रहने वाला 32 वर्षीय योगेश पाल टेलरिंग का काम करता था। बीती रात परिचितो ने उसके परिवार वालो को योगेश का शव सरस्वती स्कूल के पास पडे होने की सूचना दी। खबर पाकर परिवार वाले तुंरत ही मौके पर पहुचे, वही सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुचं गई। पुलिस ने शुरुआती पडताल के बाद मामला दर्जकर शव को पीएम के लिये भेज दिया। पुलिस के अनुसार शुरुआती पडताल मे सामने आया है कि मृतक योगेश घटना के समय अपने कुछ दोस्?तों के साथ शराब पी रहा था। आशका है कि इस दौरान किसी बात को लेकर उसका दोस्तो से विवाद हो गया हो होगा।

मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण को गंभीरता से लें: प्रेक्षक श्री अनूप तिवारी

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए शासकीय पीजी कॉलेज में मंगलवार को मास्टर ट्रेनर्स का द्वितीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रेक्षक श्री अनूप तिवारी ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचकर भाग लिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री उमराव मरावी भी मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

प्रोफेसर ए पी गुप्ता ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी दी और किस प्रकार मास्टर ट्रेनर को निर्वाचन में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। इसके बारे में बताया। जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी ने प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनिंग ले रहे मास्टर ट्रेनर से सवाल पूछे, जिसका कई मास्टर ट्रेनर ने उत्साह से जवाब भी दिया। सही जवाब देने वालों को उन्होंने प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने कहा कि जितनी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, अन्य अमले को उसी प्रकार से सटीक जानकारी दे पाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रेक्षक श्री अनूप तिवारी भी पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया और मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण की भूमिका के बारे में बताया और कहा कि आप यदि प्रशिक्षण को गंभीरता से नहीं लेंगे तो अन्य अमले को सही जानकारी नहीं दे पाएंगे। निर्वाचन महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है इसमें गलती नहीं होना चाहिए। इसलिए सभी बारीकियों को समझे और प्रश्न पूछें

प्राकृतिक ऑक्सीजन प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए : चौहान

51 पौधों के रोपण के संकल्प के साथ नई सोच संस्था ने किया पौधरोपण

पुष्पांजली टुडे

जोधपुर =बिलाड़ा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर कस्बे की स्वयंसेवी संस्था नई सोच मुहिम के कार्यकर्ताओं ने इस मानसून सीजन में 51 पौधे लगाकर उनके रखरखाव के संकल्प के साथ राजेलाव तालाब की पाल हर्ष रोड़ पर पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता ओमप्रकाश चौहान ने कहा की इस बार कोरोना

महामारी के दौरान हुई ऑक्सीजन की किल्लत के कारण कृत्रिम संसाधन अपनाने पड़े थे। भविष्य में इस प्रकार की भयावहता का सामना नहीं करना पड़े और प्राणवायु ऑक्सीजन प्राकृतिक रुप से वायुमण्डल में प्रचुर मात्रा में मिलती रहे, इसके लिए सभी को अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। इस अवसर पर चौहान ने कहा कि %पेड़ लगाइए, पर्यावरण बचाइए% यह महज एक वाक्यांश नहीं है। मानव समाज और सभी देशवासियों की पर्यावरण को स्वच्छ व स्वस्थ रखने के प्रति जिम्मेदारी है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया भर में 'ओनली वन अर्थ' की थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो हमें याद दिलाता है कि यह पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और हमें इसके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के डॉ. दिनेश सोलंकी, डॉ. ताराचंद रामावत, रोहिताष चौधरी, प्रमोद नामदेव, देवकिशन सैन, पलक सीरवी, समर्थ सीरवी मौजूद थे।

एसडीओ शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ ने किया सम्मान

सेवानिवृत्त के बाद नए सिरे से करनी चाहिए जीवन की शुरुआत- भारद्वाज

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भिण्ड जिले के मौ तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम देहगांव निवासी आर पी शर्मा 31 मई 2022 को एसडीओ के पद से सेवानिवृत्त होकर घर लौटे घर परिवार ने उनका स्वागत सत्कार तो किया ही उनके विभाग द्वारा भी आरपी शर्मा का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया था, इसी क्रम में श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के पदाधिकारियों ने श्री शर्मा के निज निवास पहुंचकर श्री शर्मा को पुष्पहार पहनाकर भगवान परशुराम जी प्रतीक चिन्ह भेंट कर नई पारी की शुभकामनाएं दीं। स्वागत सम्मान के अवसर पर सारथी समूह के चेयरमैन वरिष्ठ समाजसेवी अशोक भारद्वाज ने कहा कि सेवानिवृत्त के बाद जीवन को नए सिरे से शुरुआत करनी चाहिए, जिस तरह पतझड़ के बाद बसंत आता है हमारी जिंदगी में भी सेवा से अवकाश के बाद बसंत आता है। सेवानिवृत्त के बाद नई जिंदगी मिलती है जिसे आप अपने मन मुताबिक जी सकते हैं, जीवन सुखमय बीते उसके लिए योजना बनानी चाहिए। ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि सेवानिवृत्त लोगों के पास अपने क्षेत्र का अथाह अनुभव होता है, अनुभव को साझा करके समाज एवं देश की सेवा कर सकते हैं। ब्राह्मण संघ के द्वारा सम्मान पाकर श्री शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और अपने कार्यकाल के दौरान के अनुभवों को भी साझा किया। एसडीओ श्री शर्मा का सम्मान करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी अशोक भारद्वाज, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीराम शर्मा, ब्राह्मण संघ से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश शर्मा, युवा प्रदेश सचिव पवन शर्मा, आदित्य पुरोहित (पुरखा), राघव शर्मा, नन्दन शर्मा, विपुल शर्मा ,मुकुल शर्मा सागर शर्मा ,और आर पी शर्मा के सभी परिजन उपस्थित रहे।

कार से कुचले गये किसान की मौत, आरोपी ने बेटे का बदला लेने के लिये तीन को कुचला था कार से

भोपाल। राजधानी में ईटखेड़ी थाना इलाके के ग्राम रासलाखेड़ी में खेत से मिट्टी खोदने के विवाद में युवक के साथ मारपीट की घटना मे पिटने वाले युवक के पिता ने बेटे का बदला लेने के लिये किसान सहित तीन लोगो को तेज रफ्तार कार से कुचल दिया था। हादसे मे गंभीर रूप से घायल हुए किसान की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। वही दूसरे पक्ष के युवक के सिर में भी कुल्हाड़ी से गंभीर चोट आई है, जिसका उपचार जारी है, फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई गई है।

नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह की बहू निर्विरोध चुनी गई सरपंच,खिलाफ में कोई दूसरा नामांकन नहीं हुआ

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

लहार- मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव का बिगुल बज चुका है इस बीच भिंड की लहार विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत वैशपुरा में सरपंच का चुनाव निर्विरोध हुआ है. ये गांव मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह का गृहग्राम है, जहां से उनकी बहू सरपंच चुनी गई हैं. पंचायत की जनता ने डॉ गोविंद सिंह के भतीजे की पत्नी को बिना चुनाव लड़े ही निर्विरोध सरपंच बना दिया है।

निर्विरोध सरपंच का चुनाव

मध्यप्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में लहार और रौन और दूसरे चरण में भिंड और अटेर जनपद क्षेत्र में चुनाव होना है. इन चारों जनपद की 188 पंचायतों से चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार अपना फार्म निर्वाचन अधिकारियों के पास जमा करा चुके हैं, जिनकी सविक्षा के बाद नाम फाइनल किया जाएगा, लेकिन इससे पहले ही लहार की



वैशपुरा पंचायत में जनता की आपसी सहमति से निर्विरोध सरपंच चुन लिया गया है।

खिलाफ में कोई दूसरा नामांकन नहीं

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के पैतृक गांव से निर्विरोध सरपंच चुने गए. यहां से सरपंच पद की उम्मीदवारी के लिए नेता प्रतिपक्ष की बहू नेहा सिंह पत्नी अनिरूद्ध सिंह द्वारा नामांकन भरा गया।उनके खिलाफ कोई दूसरा नामांकन नहीं भरा गया. नेहा अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने औपचारिकता के लिए इस पंचायत से अपना नामांकन फार्म दाखिल किया था लेकिन उनके विरोध में कोई दूसरा नामांकन दाखिल नहीं किया है।

जनता ने दोबारा निर्विरोध चुना

इससे पहले आयोजित हुए पंचायत चुनाव के दौरान उन्होंने अपने गांव वैशपुरा से ही चुनाव लड़ा था, और करीब एक हजार वोट से जीत दर्ज की थी. इसके बाद कुछ महीने पहले भी हुई पंचायत चुनाव की घोषणा और प्रक्रिया के दौरान उन्हें निर्विरोध सरपंच चुन लिया गया था, लेकिन बाद में चुनाव निरस्त गिनाने से उनका चुनाव भी निरस्त हो गया था. अब फिर से जनता ने अपना फैसला दोहरा दिया है।

रौन की लारौल से भरा एक नामांकन

वहीं भिण्ड जिले के रौन जनपद की लारौल पंचायत से भी सरपंच पद के लिये सिर्फ एक ही नामांकन विवेक सिंह राजावत द्वारा जमा किया गया ।विवेक सिंह निवर्तमान रौन जनपद अध्यक्ष ऊषा गोपाल सिंह राजावत के पुत्र हैं7 विवेक सिंह के अकेले नामांकन जमा करने से उनका निर्विरोध सरपंच चुना जाना तय है वहीं इसी पंचायत के सभी पंच भी निर्विरोध चुने जायेंगे7 यह पंचायत भी निर्विरोध चयनित होने से इसे भी मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना का लाभ दिया जायेगा7 इसके अलावा इससे पूर्व यह पंचायत पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित होने पर देवकुंअर सिंह वघेल निर्विरोध सरपंच चुने गय? थे7

अंबाह के हाथी गड्ढा मैं शासकीय शिक्षक चला रहे अवैध रूप से कोचिंग, नही प्रशासन का डर प्रशासन विषय को संज्ञान मैं ले।

गणेश शंकर राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

अंबाह। अंबाह के हाथी गड्ढा मैं चल रही अवैध रूप से कोचिंग प्रशासन मोन, शासकीय शिक्षकों को किसी का डर नही है वे धड़ल्ले से कोचिंग चला रहे है इससे यह स्पष्ट लगता है कि यह शासकीय विद्यालयों मैं बच्चों को क्या पढ़ाते

होंगे सूत्रों की मानें तो यह सरकारी शिक्षक कोचिंग पढ़ाने के कारण समय पर कभी स्कूल नहीं पहुंचते और न ही पूर्ण समय तक स्कूल में रहते हैं। बच्चों के पालकों का कहना है कि जब तक कठोर कार्यवाही इन शिक्षकों पर नहीं की जाएगी तब तक कोई सुधार इनमें नहीं होगा। अंबाह नगर के हाथी गड्ढा जगह पर शासकीय शिक्षकों के द्वारा कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं लेकिन अधिकारी इन पर कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठा रहे हैं।जानकारी के अनुसार अंबाह नगर के हाथी गड्ढा मैं एक दर्जन से अधिक कोचिंग संस्थान संचालित हो रहे हैं। जिसमें स्कूली विषयों की कोचिंग के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए भी कोचिंग का संचालन हो रहा है। लेकिन कोचिंग संचालन को लेकर न नगरीय प्रशासन के पास जानकारी है और न ही शिक्षा विभाग इसकी जिम्मेदारी ले रहा है। जबकि कोचिंग के संचालन के लिए इनका पंजीयन होना आवश्यक है लेकिन संस्थानों द्वारा सभी नियमों को ताक पर रख दिया है।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की व्यवस्थाओं को लेकर प्रेक्षक श्री शर्मा ने किया विभिन्न ग्रामों का भ्रमण

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में नाम निर्देशन उपरांत प्रेक्षक श्री बी एम शर्मा द्वारा सुबह 10 बजे से जनपद पंचायत मुरार पहुँचकर आवेदन व नाम निर्देशन की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान दावे-आपत्ति करने वालो को भी समक्ष में सुनकर निराकरण कराया गया। नाम निर्देशन की समीक्षा उपरांत आरओ एवं निर्वाचन दल के साथ स्ट्रांग रूम स्थापित किये जाने वाले स्थान बीआरए पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का निरीक्षण किया।

प्रेक्षक श्री बी एम शर्मा द्वारा दोपहर 2 बजे से बंधौली, सौंसा, बंधा, उटीला, टीहोली, आरोली, बेहट, चक दंगियापुरा, दंगियापुरा, मुक्तयारपुरा आदि पंचायतो के 25 से अधिक मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक द्वारा मतदान केंद्रों पर लिखाई कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु सीईओ जनपद पंचायत श्री राजीव मिश्रा को मौके पर निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि 3 दिवस के अंदर सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव संबंधी लेखन, स्थान का नाम, मतदान केंद्र नाम, क्रमांक आदि लिखाई कार्य पूर्ण करें। साथ ही सौचालय की साफ सफाई, पानी और बिजली की व्यवस्था कराने हेतु सीईओ जनपद एवं पंचायतो को निर्देश दिए।

संक्षिप्त समाचार

निगमायुक्त ने स्वच्छता का किया निरीक्षण, गंदगी मिलने पर जुर्माना लगाने के दिये निर्देश

ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा प्रतिदिन शहर में भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिये संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता के प्रति निर्देशित किया जा रहा है। साथ ही आमजनों को स्वच्छता में सहयोग की अपील भी की जा रही है। इसके बाद भी नहीं मानने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त श्री कन्याल ने मंगलवार को वार्ड क्रमांक 5 के अंतर्गत बदनापुरा में एफएसटीपी प्लांट के निरीक्षण के दौरान वाउंड्री वाल की दीवार उचित मापदंड की नहींपायी गयी, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पूरी बाउंड्रीवाल को तो?ने और संबधित ठेकेदार और इंजीनियर पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये है। इसके साथ ही जलालपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर जल निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया था तथा संबंधित अधिकारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये। साथ ही वार्ड 64 के ग्राम थर में निगमायुक्त श्री कन्याल ने साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों को सफाई का महत्त्व समझाया तथा गीला सूखा कचरा अलग अलग करने की सलाह दी और उसके फायदे बताये। इसके आलावा यहां गोबर से खाद बनाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने मोतीझील फरूट्स मंडी में गंदगी मिलने पर चेतावनी दी तथा 10 ह?ार रुपये का जुर्माना किया गया। जब निगमायुक्त अपने निरीक्षण के दौरान फरूट मंडी पहुंचे तो वँहा गंदगी पसरी हुई थी। जिसके बाद निगमायुक्त ने सभी मंडी में व्यापार करने वाले व्यापारियों को एकत्रित कर समझाइश देते हुए कहा कि सभी फल कारोबारी अपना पूरा कचरा एक जगह एकत्रित करेंगे, जंहा से रोजाना नगर निगम के कचरा वाहन कचरा लेकर डंपिंग स्टेशन जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारीः प्रो. अविनाश तिवारी

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान अध्ययन शाला में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया द्य इस अवसर लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए एवं पर्यावरण के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न कार्यों को बताने के लिए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अविनाश तिवारी के द्वारा किया गया द्य छात्र छात्राओं के द्वारा पर्यावरण के विभिन्न बिंदुओं पर पावर पॉइंट के माध्यम से मौखिक प्रस्तुतीकरण किया गया द्य इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर अविनाश तिवारी एवं अन्य प्राध्यापकों के द्वारा अध्ययनशाला में पौधारोपण किया गया द्य कार्यक्रम में कुलपति प्रो अविनाश तिवारी के द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की मानव जनित अनियंत्रित विकास के कारण पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है ग्लोबल वार्मिंग से प्रति व्यक्ति पर हानिकारक प्रभाव हो रहा है तथा पर्यावरण के हानिकारक दुष्परिणामों से बचने के लिए जैव विविधता का संरक्षण, प्रदूषण मुक्त वातावरण एवं स्वस्थ पर्यावरण बनाना प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। प्रो ईशान पात्रो ने कहा कि मनुष्य ने विकास अग्नि के अविष्कार के साथ शुरू किया और इसी विकास की आग ने पर्यावरण को जलाना शुरु कर दिया विकास के विनाशकारी परिणामों के कारण हमारी पृथ्वी पर संकट उत्पन्न हो गया है द्य प्रो जे एन गौतम ने छात्रों को संबोधित हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति का समग्र प्रयास ही वर्तमान की आवश्यकता है द्य इस अवसर पर प्रो एस एन महापात्रा ने जल की उपयोगिता एवं उसके संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए द्य प्रोफेसर एसके सिंह ने प्रकृति के दोहन से वैश्विक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं खतरों के बारे में छात्र छात्राओं को अवगत कराया द्य कार्यक्रम में सभी अतिथियों को घर के अंदर ऑक्सीजन उत्पन्न करने वाले पौधे देकर सम्मानित किया गया द्य कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ हरेंद्र शर्मा के द्वारा किया गया कार्यक्रम डीएसडब्ल्यू प्रो एस के द्विवेदी, डॉ मनोज शर्मा, डॉ निमिषा जादौन, डॉ अमिता यादव, राजेश नायक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

नगरीय निकाय चुनाव 2022

नगरीय निकाय के निर्वाचन के लिये सभी तैयारियाँ समय रहते पूर्ण करें: निगम प्रशासक श्री सक्सेना

ग्वालियर। नगरीय निकाय निर्वाचन को लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्व करें तथा बारिस की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर आवशयक व्यवस्थायें पहले से ही पूर्ण कर ली जाएं। किसी भी मतदान केंद्र पर जलभराव क स्थिति न बने तथा क्यू-लेस मतदान के लिये सभी आवशयक सुविधायें संबंधित अतिधकारी सुनिश्चित करें। उक्ताशय के निर्देश संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना ने निगम मुख्यालय स्थित अपने कक्ष में निर्वाचन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिये।

संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा है कि नगरीय निकाय को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान के दिन सभी मतदान दलों को शुद्ध पेयजल के साथ-साथ ग्लूकोज का पाउडर भी उपलब्ध हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी करें और जो भी व्यवस्थाएं की जाना हैं उसे समय-सीमा में पूर्ण कराएं। मतदान दलों को सामग्री वितरण स्थल पर भी पेयजल की उपलब्धता एवं उनके लिये बैठने की उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही मतदान केन्द्रों की व्यवस्था चाक-चौबंद रहे एवं साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रहे इसके लिये पहले ही मतदान केन्द्रों का निरीक्षण सभी व्यवस्थायें समय से पहले पूर्ण करें। बैठक में बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल , स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती नीतू माथुर, अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र गुर्जर, श्री मुकुल गुप्ता उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अन्य सरकारों ने गरीबी हटाने के सिर्फ नारे दिए मोदी सरकार ने गरीबी हटाकर दिखाइए : शेजवलकर



ग्वालियर। मोदी सरकार ने अन्य सरकारों की तरह सिर्फ गरीबी हटाने के नारे नहीं दिए बल्कि गरीबी हटाकर दिखाई। यह बात ग्वालियर सांसद विवेक शेजवलकर ने मंगलवार को वार्ड 52 में स्थित काका गार्डन में भारतीय जनता पार्टी जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री हितग्राही सम्मेलन एवं गरीब कल्याणकारी योजना के लाभार्थियों का मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सम्मान करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा मोदी सरकार के 8 साल बेमिसाल रहे। क्या आप सभी इस बात से सहमत हैंढ्ढ तो सभी लाभार्थियों ने दोनों हाथ उठाकर अपनी सहमति व्यक्त की। श्री शेजवलकर ने कहा मोदी सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि सभी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने हितग्राहियों के बीच पहुंचकर उनसे बात की। तब बुजुर्ग हितग्राही श्री शेजवलकर को आशीर्वाद देते नजर आए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला सह प्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने कहा मोदी सरकार ने गरीबों को घर, महिलाओं को सिलेंडर, बीमारों को इलाज, बिचैलियों को खत्म करते हुए सीधा लाभ हितग्राहियों के खातों में भेजा है। अब आप सभी इन लाभों के बारे में अपने क्षेत्र वासियों को भी बताइए। जिससे अधिक से अधिक पात्र लोगों तक सरकार की योजना का लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा नगर निगम क्षेत्र में सभी विकास कार्य महापौर और पार्षद द्वारा ही किए जाते हैं। इसलिए आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्य का प्रचार-प्रसार कर भाजपा को अधिक से अधिक बहुमत से जिताने का कार्य करें। जिससे जो व्यक्ति अभी भी लाभ लेने से वंचित रह गए हैं। उन्हें भी लाभ मिल सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष और प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी दीपक शर्मा, जिला महामंत्री विनोद शर्मा, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, पूर्व सभापति बृजेंद्र सिंह जादौन, पूर्व सभापति राकेश माहौर, जिला मंत्री शर्मिला कुशवाह, सुजीत भदौरिया, शुगर सिंह पवैया, मंडल अध्यक्ष चेतन मंडलोई, प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जनवेद चैरसिया उपस्थित रहे।

सम्मेलन का संचालन पवन सिकारिया ने एवं आभार रानी गौर ने व्यक्त किया।

इनका कहना है

मोदी सरकार आने के बाद मुझे राशन की कमी महसूस नहीं हुई है। कोरोना काल में भी मोदी जी ने हम गरीबों को बहुत ख्याल रखा है। मोदी सरकार, भाजपा सरकार ही असली जनता की सरकार है।

राजकुमारी धानुक, लाभार्थी

मोदी सरकार के द्वारा मुझे आवास के लिए ढाई लाख रुपए मिले हैं। जिससे अब झोपड़ी हटाकर पक्के घर में निवास कर रहा हूं। घर के बाहर भी पक्की सड़क है। और पानी, बिजली की भी कोई दिक्कत नहीं है।

राजवीर गोस्वामी, हितग्राही

भाजपा प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से विजय दिलाएं-माखीजानी

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी के सामने नगरीय निकाय के चुनाव आ चुके हैं। प्रत्येक वार्ड में 5 से लेकर 22 तक दावेदारों के आवेदन अर्थात् बायोडेटा हमारे पास आ चुके हैं परंतु भारतीय जनता पार्टी समाज के अंतिम छोर पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक देश और प्रदेश की सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु कृत संकल्पित है। उक्त उद्गार आज भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल की मंडल कार्यसमिति में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। इस अवसर पर मंच पर चेतन मंडलोई, जण्डेल गुर्जर, महेंद्र सोलंकी, शर्मिला कुशवाह, विद्या धोराठ, लालजी जादौन, सुजीत सिंह भदौरिया उपस्थित थे। बैठक का संचालन पाताल सिंह खटीक ने एवं आभार लक्ष्मण सिंह राणा ने व्यक्त किया। श्री माखीजानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी तो एक वार्ड में एक ही कार्यकर्ता होगा। वार्डों मे आपसी सामंजस एवं प्रेमभाव का वातावरण निर्मित करें और यह सुनिश्चित करें कि भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल के फूल पर जो भी प्रत्याशी आएगा उसको पूरे प्राण-पण से मेहनत करके प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिक से अधिक मतों से विजय दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे ब?ा राजनैतिक दल है। अनेक राजनैतिक दल भी नगरीय निकाय चुनावों के माध्यम से अपने पैर जमाने का असफल प्रयास भी कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

ऊर्जा साक्षरता अभियान से जुड़ें, जलवायु परिवर्तन से निपटने में बनें सहभागी

ग्वालियर। ऊर्जा साक्षरता अभियान में आप भी जुड़ सकते हैं। अभियान से जुड़ना पूर्णतः निःशुल्क है। वेब पोर्टल www.usha.mp.gov.in और मोबाइल एप स्द्ध के माध्यम से पंजीकरण कराएँ। मोबाइल एप स्द्ध को गूगल प्ले-स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रतिभागी अपनी सुविधा अनुसार ऑनलाइन पद्धति से बहुविकल्पीय प्रश्नों के रूप में एक परीक्षा में भाग ले सकेंगे। वर्तमान में 12 कोर्स मॉड्यूल प्रचलन में हैं। उत्तरों के आधार पर प्रतिभागियों को त्रि-स्तरीय ऑनलाइन ऊर्जा साक्षरता प्रमाण-पत्र दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिये प्रदेश में ऊर्जा साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में ऊर्जा के व्यय एवं अपव्यय, ऊर्जा के पारंपरिक एवं वैकल्पिक साधनों की जानकारी और इनका पर्यावरण पर प्रभाव, ऊर्जा संरक्षण एवं प्रबंधन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। ऊर्जा एवं ऊर्जा के उपयोग के बारे में सार्थक संवाद स्थापित करने के साथ प्रतिभागियों में ऊर्जा उपयोग के प्रभावों और परिणामों की समझ के आधार पर इसके दक्ष उपयोग के लिये निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। प्रतिभागियों को पर्यावरणीय जोखिम एवं जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के साथ विभिन्न ऊर्जा तकनीकों के चयन के लिये भी सक्षम बनाया जाता है।

नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन-2022

शस्त्र जमा करने व जमा न करने वाले लायसेंसधारियों की सूची माँगी गई

शस्त्र जमा न करने वालों के लायसेंस होंगे निरस्त

ग्वालियर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निर्धारित तिथि तक पुलिस थानों में शस्त्र जमा करने वाले एवं जमा न करने वाले लायसेंसधारियों की अलग-अलग सूची पुलिस अधीक्षक से मांगी है। साथ ही थाने में शस्त्र जमा न करने वाले लायसेंसधारियों के लायसेंस निरस्ती के प्रस्ताव भी उन्होंने मांगे हैं। ज्ञात हो राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के आम चुनावों की घोषणा के बाद कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने धारा-144 के तहत जिले की सीमा में निवासरत लायसेंसधारियों को अपने शस्त्र पुलिस थानों में जमा करने के आदेश दिए थे। शस्त्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 जून 2022 निर्धारित की गई थी। आठ आदतन अपराधी जिला बदर

एक अपराधी को भरना होना 50 हजार का बंध पत्र

ग्वालियर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 8 आदतन अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इनमें से 6 अपराधियों को छः माह के लिए और दो अपराधियों को तीन माह के लिये जिला बदर किया गया है। इसके अलावा एक अपराधी को संबंधित थाने में तीन दिवस के भीतर 50 हजार रूपये का बंध पत्र भरने के आदेश दिये हैं। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला दण्डाधिकारी ने इन अपराधियों को जिला बदर करने के अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आदतन अपराधी सिया उर्फ सियाराम निवासी ग्राम पाटई, धर्मेन्द्र पटेल निवासी महावीर चौक के पास गोसपुरा नं.-1, यूनुस खान निवासी गेंडेवाली स?क लश्कर, शिवम तोमर निवासी शिव कॉलोनी पिंटो पार्क, पवन गर्ग (सेन) निवासी कारबारी मोहल्ला माधौगंज व कल्लू उर्फ हरीश बाल्मीकि निवासी चितैरा ओली को 6 ङ्क 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किये हैं।

ग्वालियर में दो आर्यिकाश्री माता जी होगा चातुर्मास, मिली स्वीकृति

आचार्यश्री ने आर्यिका संघ को ग्वालियर में चतुर्मास की अनुमति प्रदान की।

जैन सामाज की एक टीम ग्वालियर से अमानगंज स्वीकृति लेने पहुँची।

ग्वालियर- जैन सिध्दक्षेत्र सोनागिर स्थित भट्टारक कोठी में विराजित श्रमणी आर्यिकाश्री विरग्या श्रीमाताजी एवं श्रमणी आर्यिकाश्री विसंयोजना श्रीमाताजी ससंघ का 2022 का भव्य चतुर्मास ग्वालियर स्थित सिकंदर कम्पू, पर करने की भावना लेकर मंगलवार को जैन सामाज की एक टीम ग्वालियर से अमानगंज जिला पन्ना में विराजित गणाचार्य आचार्यश्री विराग सागर महाराज से अनुमति लाने के लिए रवाना हुई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478